**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

36.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- नेविगेटिंग क्रिमिनल लॉ रिफॉर्म्स इन इंडिया पर राष्ट्रीय संगोष्ठी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सुबह 10:30 बजे।
- कायस्थ चेतना मंच का प्रतिभा सम्मान समारोह रोटरी भवन में शाम 4 बजे।
- महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर पौधरोपण नेहरू युवा केंद्र के सामने पार्क में सुबह 11 बजे।
- महाकाल आदर्श कावड़ सेवा समिति द्वारा कालीबाड़ी से कावड़ यात्रा दोपहर 12.30 बजे।
- कुदेशिया फाटक पर रेलवे क्रॉसिंग के पास वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार द्वारा पौधरोपण सुबह 9 बजे
- तुलसी जयंती समारोह को लेकर माधोवाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में प्रेसवार्ता दोपहर 12 बजे
- 20 मोहर्रम हजरत इमाम हुसैन कर्बला के 72 शहीदों के दसवें पर इमामबाड़ा वसी हैदर गढ़ैया से जुलूस रात 9 बजे
- भारत विकास परिषद उत्तर मध्य क्षेत्र द्वारा महादेव नगरी के अधिष्ठापन समारोह रोटरी भवन में शाम 8 बजे।

# पार्क कहें या जंगल, जर्जर दीवार और गंदगी का अंबार, कहां करें सैर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सर्किट हाउस चौराहे स्थित गोविंद बल्लभ पंत पार्क देखभाल के अभाव में अपनी पहचान खोता जा रहा है। सफाई न होने से पार्क में गंदगी के ढेर लगे हैं। दीवार जर्जर है। यहां बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। इस वजह से लोगों को टहलने में दिक्कत होती है। घास में सांप, कीड़े होने के डर से लोग बच्चों को पार्क में नहीं भेज रहे हैं।

पहले इस पार्क में आसपास के लोग रोजाना टहलने और स्मार्ट सिटी के तहत बने ओपन जिम में व्यायाम के लिए आते थे। बेंच पर बैठकर फव्वारे का आनंद उठाते थे। बच्चों को यहां खेलने लिए भेजते थे, मगर अब कम ही लोग आते हैं, क्योंकि पार्क में गंदगी का अंबार है। यहां बंदरों का जमघट लगा रहता है। स्थानीय निवासी दिनेश ने बताया कि नगर निगम पार्क की सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यहां कई लोग ऐसे आते हैं, जो नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। फव्वारे सहित कई उपकरण खराब हो चुके हैं। बंदरों के अंतक की वजह से भी लोग कम आते हैं। बिजली पैनल बाक्स खुले होने के कारण करंट लगने का डर रहता है।



गोविंद बल्लभ पंत पार्क में लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार



पार्क में फैंसी लाइटों पर नहीं लगे हैं बल्ब। ● अमृत विचार

- गोविंद बल्लभ पंत पार्क में उगीं झाड़ियां
- ओपन जिम में मशीनें जंक खा रहीं







### सांप और कीड़ों का डर



पार्क में काफी गंदगी है। झाड़ियों की वजह से सांप और कीड़ों का डर बना रहता है। इसलिए यहां कम ही लोग आना पसंद करते हैं। – **संतोष**



पार्क में एक भी ऐसी बेंच ठीक नहीं है, जिसपर जाकर कोई बैठ सके, इसलिए भी यहां लोगों का आना जाना कम है। अनदेखी की वजह से ओपन जिम में मशीनें जंक खा रही हैं। – **बंटी**



कचहरी के काम से आए थे, सोचा कि पार्क में आराम कर लें, लेकिन यहां मच्छरों ने बैठना मुश्किल कर दिया। गंदगी के कारण दुर्गंध आ रही है। – **चंद्रपाल**



झाड़ियों से पार्क जंगल में तब्दील हो गया है। इस वजह से लोगों को टहलने में परेशानी होती है। नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। – **हिमांशु**

# सुभाषनगर उपकेंद्र पर हंगामा, अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए किया राधे-राधे नाम का जाप

## देर रात बिजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज उपभोक्ता पहुंचे उपकेंद्र, 33 केवी लाइन में ब्रेकडाउन से छाया बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 33 केवी लाइन में फाल्ट से सुभाष नगर क्षेत्र में आपूर्ति बाधित हो गई। गुरुवार देर रात तक जब आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो लोगों को पारा चढ़ गया। उन्होंने रात में ही सुभाष नगर उपकेंद्र पर पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अफसरों की सद्बुद्धि के लिए राधे-राधे नाम का जाप किया। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर शांत कराया। पूरी रात लोगों की जाग कर कटी। शहर के कई अन्य इलाकों में भी बिजली संकट रहा। एक लाख से ज्यादा घरों की बिजली गुल रही। गर्मी में लोग परेशान होते रहे । वहीं लोगों ने शुक्रवार रात को भी बिजलीघर पर प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासी नीरज कुमार ने बताया कि सुभाष नगर में गुरुवार शाम 5 बजे से बिजली की आंख मिचौली का खेल शुरू हो गया। शुक्रवार दोपहर तक मात्र 2 घंटे बिजली आपूर्ति हुई। जिसमें कहीं हाई तो कहीं लो वोल्टेज आते रहे। उपभोक्ताओं ने बताया कि सुभाषनगर उपकेंद्र का कोई अफसर समस्या का निदान करने को तैयार नहीं है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होती है। लिहाजा, वे लोग उपकेंद्र पर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। वहीं, आए दिन फॉल्ट होने और मरम्मत का कार्य समय से नहीं होने से लोग परेशान हैं। एक्सईएन, जेई फोन तक नहीं उठा रहे हैं। बदायूं रोड, सर्वोदय नगर, वाजपेयी ढाल, पटेल विहार, बीडीए कॉलोनी और गंगानगर में कटौती की समस्या रही। वहीं किला, बाकरगंज, बानखाना, कोहाड़ापीर, हरूनगला में बिजली गुल होने से लोग परेशान हुए।



सुभाषनगर बिजली उपकेंद्र में राधे-राधे का जाप करते लोग। ● अमृत विचार



सुभाषनगर उपकेंद्र पर शुक्रवार रात प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### रामपुर से आएगा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर

नदोसी उपकेंद्र पर लगा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। पिछले दो दिन से बिजली घर से जुड़े करीब 30 गांव में बिजली संकट बना हुआ है। लोगों को राहत देने के लिए परसाखेड़ा से बिजली की सप्लाई उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में दी जा रही है। अवर अभियंता सुशील कुमार के अनुसार शनिवार को रामपुर से ट्रांसफार्मर आएगा।

### सीबीगंज क्षेत्र में 9 घंटे गुल रही बिजली

**सीबीगंज।** सीबीगंज क्षेत्र में शुक्रवार को 9 घंटे बिजली गुल रही। लोहिया विहार उपकेंद्र पर आरडीएसएस योजना के तहत किए जा रहे कार्यों के कारण सीबीगंज टाउन फीडर की आपूर्ति पूर्वाह्न 11 बजे बंद हो गई। शाम 5 बजे आपूर्ति सुचारू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। इसकी वजह से सीबीगंज टाउन, शिवनगर, खलीलपुर रोड, लोहिया विहार कॉलोनी, बीडीए कॉलोनी, सैदपुर हॉकिंस, मेगा ड्रीम होम, मिनी बाईपास आदि इलाकों के लोग परेशान हुए। व्यापारियों का काम धंधा भी चौपट हो गया।



शुक्रवार को बारिश में भीगते हुए जाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी से नहीं मिली राहत

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को तेज धूप खिलने के बाद दोपहर में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। इसके बाद भी उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम विभाग ने 27 और 28 जुलाई को हल्की और 29 व 30 जुलाई को मध्यम से भारी बारिश का अनुमान जतायाहै।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 37.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर बारिश के आसार रहेंगे। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है।

# अटल सेतु को जोड़ने का काम कल से होगा शुरू



अटल सेतु को जोड़ने के लिए पहुंची क्रेन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने के लिए पॉवर क्रेन मंगाई गई है। रविवार से सेतु निगम पुराने पुल को जोड़ने का काम शुरू कर देगा। 42 मीटर लंबे गर्डर के छह टुकड़ों के जरिए दोनों पुलों को जोड़ा जाना है। इसके बाद सड़क और रेलिंग बनाई जाएगी।

सितंबर में वाहनों के आवागमन की योजना तैयार की गई है। सेतु निगम के अनुसार गार्डर के छह टुकड़ों को जोड़कर पॉवर क्रेन के जरिए पिलर पर रखा जाएगा। चौपुला पुल के अटल सेतु से जुड़ने से बदायूं रोड पर जाने वालों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। अभी बदायूं रोड पर जाने के लिए लोगों को अटल सेतु से नीचे उतरकर पुराने चौपुला पुल से होकर जाना पड़ता है। इसके कारण आए दिन पुल के नीचे जाम लग जाता है।

यहां तक कि कई बार बदायूं रोड पुल के मोड़ पर जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है और चौपुला पुल पर भी जाम लगता है।

# गड़बड़ी मिली तो कार्यालय के बाहर नहीं जा पाओगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मेयर डॉ. उमेश गौतम ने शुक्रवार को विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान निर्माण विभाग, जलकल विभाग के अधिकारी, इंजीनियरों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्यशैली में सुधार न करने वालों पर अब कार्रवाई की जाएगी। लेटलतीफ होने के कारण नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। लापरवाही की हद है कि जो काम छह माह पहले स्वीकृत हो चुके हैं, उनका टेंडर अब तक नहीं हुआ है। इसके कारण अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है।

मेयर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जो फाइल लंबित हैं, उनकी टेंडर प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाए। सभी इंजीनियर इतना जान लें कि अगर अगली बार समीक्षा बैठक में गड़बड़ी पाई गई तो कार्यालय से बाहर नहीं जा पाओगे। सख्त कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहें, क्योंकि कई बार हम समझा चुके हैं। आप लोगों को बात समझ में नहीं आ रही है। मेयर ने दोपहर में कार्यालय में विभिन्न विभागों के इंजीनियरों को समीक्षा बैठक में बुलाया। उन्होंने सबसे पहले मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी से जो काम नहीं हुए उनकी सूची तलब की। जब मेयर ने एक- एक कर फाइलों को पलटना शुरू किया और इंजीनियरों से सवाल जवाब किए तो कुछ ने चुप्पी साध ली। इस पर मेयर ने कहा कि आप लोगों के कारण नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। खुद आप लोग सोचिए कि पहले के काम अभी अटके हुए हैं और 77 नए कामों की सूची आ गई है, जो काम काफी समय से शुरू नहीं हुआ है, इससे क्या संदेश जाएगा। यह लापरवाही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अगले सप्ताह में टेंडर और काम दोनों शुरू हो जाने चाहिए। सोमवार से वह खुद निगरानी करेंगे, देखेंगे कहां काम शुरू हुआ है। अगले बार की समीक्षा बैठक में किसी भी प्रकार लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, जलकल महाप्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव, एक्सईएन राजीव कुमार राठी, दिलीप कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।



नगर निगम में इंजीनियरों के साथ बैठक करते मेयर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

- समीक्षा बैठक में मेयर ने इंजीनियरों को दी चेतावनी
- अगर फाइल लंबित हुई तो इंजीनियर होंगे जिम्मेदार

### हर वार्डों में जाकर खराब सड़कों की सूची बनाएं

मेयर ने कहा कि 80 वार्डों में अधिकारी मौके पर जाएं और खराब सड़कों, नालों की सूची बनाएं। जो सड़कें धार्मिक स्थल और स्कूल को जाती हैं। उसकी रिपोर्ट तैयार कर निर्माण कराएं। जिन जगहों पर जलभराव होता है, उन कारणों का पता करें और समस्या का निदान कराएं। अगर कार्य स्वीकृत होने के बाद भी टेंडर नहीं हुए तो इंजीनियर जिम्मेदार होंगे। अक्सर यह देखने को मिलता इस कार्यालय से उस कार्यालय फाइलें घूमती रहती हैं।

# आय अर्जित करने में बीडीए ने प्रदेश के बड़े प्राधिकरणों को पछाड़ा

## मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन ने प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मनिकंडन ए को प्रशस्ति पत्र दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आय अर्जित करने के मामले में बीडीए ने प्रदेश के बड़े प्राधिकारणों को पछाड़ दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बरेली विकास प्राधिकरण ने लक्ष्य के सापेक्ष सराहनीय प्रदर्शन किया है।

इस उपलब्धि पर शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण ने प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मनिकंडन ए को प्रशस्ति पत्र दिया। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्राधिकरण ने बेहतर काम करते लोगों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा है। इससे लोगों का रुझान बीडीए की तरफ बढ़ा है। इस वजह से प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है।

वित्तीय वर्ष में 856.28 करोड़ आय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके सापेक्ष प्राधिकरण को 1080.63 करोड़ की आय हुई है। बरेली विकास प्राधिकरण, लखनऊ विकास प्राधिकरण के बाद प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। गाजियाबाद, कानपुर, मुरादाबाद, आगरा, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी जैसे बड़े प्राधिकरणों से अधिक आय बरेली विकास प्राधिकरण ने अर्जित की है। उपाध्यक्ष ने बताया कि रामगंगा नगर आवासीय योजना में रामायण वाटिका, ऑफिस काम्पलेक्स, प्राधिकरण का नवीन कार्यालय भवन, कन्वेंशन सेन्टर, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, साइंस पार्क, क्लॉक टावर आदि प्रोजेक्टों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इसके अलावा डेलापीर चौराहे से बेरियर-टू तक, सेटेलाइट से इन्वर्टिस तिराहे तक, नकटिया नदी से बीसलपुर चौराहे तक, सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्ग (डोहरा रोड), झुमका चौराहा से वन विभाग की बाउंड्रीवाल तक, बदायूं रोड आदि पर 6/4 लेन का निर्माण, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट आदि का कार्य कराया गया है।



बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए को प्रशस्तिपत्र देते मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण ।

### ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में लोगों का बढ़ा रुझान

रामगंगा नगर आवासीय योजना के बाद लोगों की सुविधा के लिए 222 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ग्रेटर बरेली आवासीय योजना विकसित की जा रही है। इस आवासीय योजना को 11 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। इसमें 5000 से अधिक आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों का सृजन किया गया है। ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के 2 सेक्टरों का रजिस्ट्रेशन भी खोला जा चुका है, जिसमें लोगों ने अत्यधिक रुचि दिखाई है। योजना के विकास के साथ प्राधिकरण निकटवर्ती गांवों में भी विकास कार्य कराएगा, ताकि आसपास के गांव के निवासी भी विकास में सहभागी बन सकें। नाथ धाम इन्टीग्रेटिड टाउनशिप और नाथ धाम एमएसएमई टाउनशिप का विकास कार्य बदायूं रोड पर प्रस्तावित किया गया है। इन योजनाओं के लिए सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है। राजस्व अभिलेखों के परीक्षण का कार्य चल रहा है। अतिशीघ्र इन योजनाओं के लिए भी भूमि अर्जन का कार्य शुरू किया जाएगा। झुमका चौराहे के पास प्रस्तावित बड़े बाईपास पर प्राधिकरण ट्रांसपोर्ट नगर एवं इंडस्ट्रियल टाउनशिप के विकास के लिए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है।

# जीपीएस फोटो के चक्कर में जमा नहीं हो पा रहा टैक्स



नगर निगम में हाउस टैक्स जमा करने के लिए पहुंचे लोग।

- शुक्रवार को टैक्स काउंटर पर पहुंचे लोगों से हुई नोकझोंक

**बरेली, अमृत विचार:** हाउस टैक्स को लेकर लोगों की दिक्कतें कम नहीं हो रही हैं। जीपीएस से फोटो लेकर आने के लिए कहा जा रहा है। इसको लेकर शुक्रवार को टैक्स काउंटर पर नोकझोंक भी हुईं। कुछ लोगों का कहना है कि वे कम पढ़े लिखे है और मोबाइल फोन भी ठीक नहीं है। ऐसे में टैक्स जमा करने में परेशानी सामने आ रही है।

जीआईएस सर्वे के बाद कर जमा करना भवनस्वामियों के लिए मुश्किल हो गया है। कर्मचारी कर जमा करने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन हाउस टैक्स जमा नहीं हो पा रहा है। दोपहर नगर निगम पहुंचे लोगों से कई बार कर्मचारियों की नोकझोंक हुई। राम वाटिका निवासी गौरस गुप्ता ने बताया कि बिल जमा करने के लिए आया था। कर्मचारियों ने कहा कि दुकान का जीपीएस से फोटो लेकर आएं तब कर जमा होगा। शाहदाना निवासी अली ने बताया कि कहा जा रहा है कि जीपीएस से फोटो लेकर आएं। इसको लेकर काफी समय तक बहस हुई। अली तर्क देते रहे कि वह कम पढ़े लिखे हैं। कैसे फोटो लेकर आएंगे। एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी नहीं है। बोले कि नया सर्वे तो हमारे लिए परेशानी का सबब बन गया है। किसके पास गुहार लगाने जाएं, यहां तो कोई सुनने वाला ही नहीं है। कोहड़ापीर निवासी मोहम्मद मियां ने बताया कि 31 जुलाई तक कर जमा करने पर छूट मिलेगी। जमा करने आया तो कह दिया गया कि जीपीएस का फोटो लेकर आएं।





















# हाईटेंशन तार गिरने से मां-बेटी की मौत

## बहेड़ी क्षेत्र के गांव सकरस में ननद के बेटे के नामकरण में शामिल होने आई थीं आरती

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

**अमृत विचार :** थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव सकरस में ननद के बेटे के नामकरण में शामिल होने आईं मां-बेटी की हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से मौत हो गई। घटना से नाराज गांव के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों में लोगों को समझाकर शांत किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ तहरीर दी है।

गांव सकरस में आकाश कश्यप के बेटे का नामकरण था। इसमें शामिल होने के लिए देवरनिया के गांव चुबकिया निवासी राजपाल उर्फ दयाराम की पत्नी आरती (32) अपनी 10 साल की बेटी तनु के साथ शामिल होने आई थीं। मां-बेटी कार्यक्रम के बाद किसी से फोन पर बात करने छत पर गईं थी। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार बोल्ट की लाइन का तार तनु के ऊपर टूटकर गिर गया। बच्ची को बचाने के लिए आरती दौड़ीं तो वह भी चपेट में आ गईं और दोनों की मौत हो गई। नाराज परिजनों और गांव वालों ने प्रदर्शन किया। लोग जिलाधिकारी के मौके पर आने के बाद ही शव उठाने की जिद कर रहे थे। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव और सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने परिजनों को समझाकर शांत किया। एक्सईएन चमन प्रकाश, एसडीओ अमित गंगवार और प्रेम चंद यादव ने मुआवजे और लाइनमैन ओमप्रकाश को हटाने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने बताया कि बीएसए से वार्ता के बाद वह आरती के बच्चों की बेहतर पढ़ाई का इंतजाम करेंगी। परिवार की मदद की जाएगी। पूरन लाल के दोनों बेटे दयाराम और कैलाश मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। पांच दिन पहले कैलाश की आंखों की अचानक रोशनी चली गई। कई जगह इलाज कराने के बाद भी फायदा नहीं हुआ। पालिकाध्यक्ष के पति अजय जायसवाल उर्फ बाबी भी गांव पहुंचे।


लोगों को समझातीं एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव। ● अमृत विचार



आरती और तनु का (फाइल फोटो)।

> महिला और उसकी बेटी की हादसे में मौत हुई है। गांव में लोगों ने बिजली लाइन के नीचे मकान बना लिए हैं। संविदा कर्मचारी ओमप्रकाश को काम से हटा दिया गया है। पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
> **-चमन प्रकाश**, अधिशासी अभियंता बहेड़ी

- **नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन पुलिस ने समझाकर किया शांत**

### छह दशक पुरानी है हाइटेंशन लाइन

सकरस गांव में हाइटेंशन लाइन वर्ष 1965 में डाली गई थी। अब तार जर्जर हो चुके हैं। पिछले कुल बरसों में करीब पांच लोग तार टूटने या करंट की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं। लोगों ने बताया कि गुरुवार रात भी तार टूटकर जमीन पर गिर गया था, जिसे लाइन मैन को बुलाकर ठीक कराया गया। लोगों ने हाइटेंशन लाइन को हटाने की मांग की। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि उनके स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की जानकारी भी उनके संज्ञान में नहीं है।

# सुभाषनगर चौकी इंचार्ज बनकर महिला को दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर चौकी इंचार्ज बनकर एक व्यक्ति ने महिला को फोन पर उसकी बेटियों के साथ दुष्कर्म करने की धमकी दी है। उसने महिला के पति की भी हत्या की धमकी दी है। थाना बारादरी पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कुछ दिनों पहले बारादरी में ही एसएसपी कार्यालय से दरोगा बनकर फोन कर एक मामले में ठगी की कोशिश की गई थी।

बारादरी के नवादा शेखान निवासी महिला ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर 23 जुलाई को दोपहर में 2:29 बजे एक व्यक्ति ने दो नंबरों से कॉल करके कहा कि वह सुभाषनगर चौकी इंचार्ज बोल रहा है। आरोपी ने फोन पर गालीगलौज की और दोनों बेटियों के साथ दुष्कर्म करने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि उसके पिता एडीएम सिटी के यहां कर्मचारी हैं। वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। पीड़िता डर के कारण अपनी बेटियों को पढ़ने के लिए कॉलेज नहीं भेज रही है।

# पुलिस टीम पर हमला, महिला सिपाही समेत दो कर्मी घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मठ लक्ष्मीपुर में पुलिस ने आरोपियों के घर में दी थी दबिश**

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के मठ लक्ष्मीपुर में दबिश के दौरान थाना प्रेमनगर पुलिस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में महिला सिपाही समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। महिला सिपाही की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला सिपाही अर्चना ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया कि वह 24 जुलाई को दबिश के दौरान दरोगा राहुल शर्मा, सिपाही मोनू, मनीष, हरवीर, दीपक, रामलखन और शाहरुख के साथ मठलक्ष्मीपुर में भारती शर्मा, उसके भाई देव शर्मा उर्फ फरीद निवासी रहपुरा चौधरी और सतीश शर्मा ने मारपीट की। मारपीट में उनके दोनों हाथों और दाहिनी आंख में चोट आई है। आरोपियों ने धक्का देकर सिपाही मोनू को भी जमीन पर गिराकर पीटा, जिससे उसके पैरों में चोट लगी है। आरोपी देव ने मोनू का हाथ मुंह से काट लिया। किसी तरह से पुलिस कर्मियों ने आरोपियों के चंगुल से खुद को बचाया और देव शर्मा उर्फ फरीद को मौके से गिरफ्तार कर लिया। सतीश शर्मा और भारती शर्मा मौके से फरार हो गए। महिला सिपाही की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्कूटी छीनने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट

मठलक्ष्मीपुर निवासी पीयूष शर्मा ने 24 जुलाई को थाना प्रेमनगर में भारती शर्मा और देव शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीयूष ने पुलिस को बताया कि वह भूड़ में किराये पर रहता है। 24 जुलाई को वह घर से कुतुबखाना की ओर जा रहा था। रास्ते में भारती शर्मा और देव शर्मा ने रोक लिया और मारपीट करते हुए स्कूटी छीन ली। आरोपियों ने धमकी दी कि मकान अपने चाचा सतीश और चाची संगीता के लिए छोड़ दे और न छोड़ने पर अंजाम बुरा होगा।

## तस्करी में दोषी को 15 वर्ष कैद, एक लाख का जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली :** 16 किलो अफीम की तस्करी के आरोपी थाना अलीगंज के गांव कुंडरिया फैजुल्लापुर निवासी विमल को दोषी पाते हुए स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने 15 वर्ष कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील आशुतोष दुबे ने बताया कि अलीगंज पुलिस ने 22 मई 2021 को चेकिंग के दौरान विमल को पकड़ा था। बाइक पर उसके कब्जे से प्लास्टिक के बोरे में 16 किलो अवैध अफीम बरामद हुई थी।

## आरपीएफ निरीक्षक के आवास में निकला सांप

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक विनीता कुमारी के आवास में शुक्रवार की सुबह सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सांप को देख उन्होंने अपने स्टाफ को फोन कर बुलाया, जिस पर पहुंचे सिपाहियों ने सांप को ढूंढना शुरू किया। काफी देर की मशक्कत के बाद भी उसे खोजा नहीं जा सका। इस पर सांप पकड़ने के लिए वन विभाग को सूचना दे दी गई।

# शेरगढ़ के चार कांवड़िए बिजनौर में हादसे का शिकार, दो की मौत

संवाददाता, शेरगढ़

- **डंपर ने मारी थी टक्कर, दो घायलों का चल रहा इलाज**
- **गुरुवार को 30 कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार हुआ था रवाना**

**अमृत विचार :** शेरगढ़ के गांव पनबड़िया के कांवड़ियों की दो बाइक में बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव आसिफाबाद में डंपर ने गुरुवार देर रात टक्कर मार दी। हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के शव शुक्रवार दोपहर गांव पहुंचे।

गांव पनबड़िया से 30 कांवड़ियों का जत्था महंत हरप्रसाद गंगवार के नेतृत्व में गुरुवार शाम हरिद्वार के लिए जल लेने रवाना हुआ था। जत्थे में एक डीसीएम और सात बाइक शामिल थीं। प्रत्येक बाइक पर दो लोग सवार थे। गुरुवार रात 2:30 बजे कांवड़ियों का जत्था बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव आसिफाबाद पहुंचा कि तभी बेकाबू डंपर ने दो बाइक में टक्कर मार दी। एक बाइक सवार पनबड़िया गांव के प्रधान ओमप्रकाश गंगवार के बेटे अखिलेश गंगवार (23) और गांव के ही नरेंद्र गंगवार के बेटे शिवम (25) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार गांव के उत्कर्ष गंगवार और रामबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार दोपहर शव लेकर परिजन गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। शिवम की शादी चार साल पहले रविता से हुई थी। उसका दो वर्ष का एक बेटा आर्यन है। वहीं अखिलेश गंगवार खेती करता था और उसकी शादी नहीं हुई थी। गांव में तहसीलदार बहेड़ी दुष्यंत सिंह, थानाध्यक्ष शेरगढ़ राजेश बाबू मिश्रा भी पहुंचे।


अखिलेश।


शिवम।

# लेबर रूम और पीपीएच वार्ड के एसी खराब


लेबर रूम में एसी हुआ खराब।

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के लेबर रूम और पीपीएच वार्ड में लगे चार एसी खराब हो गए हैं। ऐसे में मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। स्टाफ के अनुसार यहां सामान्य प्रसव कराने के लिए चार मेज हैं। प्रसूताओं को गर्मी के कारण कोई परेशानी न हो, इसके लिए एसी की व्यवस्था की गई है। कुछ दिनों से लेबर रूम और पीपीएच वार्ड के चार एसी खराब हो गए हैं। ऐसे में गर्मी और उमस के कारण वार्ड में इतनी घुटन हो रही है कि वहां पहुंचने वाली महिलाओं के बेहोश होने की स्थित उत्पन्न हो गई है। प्रसव कराने के दौरान स्टाफ भी पसीने से तर-ब-तर हो रहा है। सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि जल्द ही एसी की मरम्मत करा दी जाएगी।

# महिला बॉक्सर से कोच ने की अभद्रता, गार्ड को मारे पंच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बॉक्सर के भाई की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने कोच के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** प्रशिक्षण लेने से मना करने पर कोच ने नेशनल खेल चुकी बॉक्सर से अभद्रता की। बॉक्सर को बचाने आए जिम ट्रेनर, बाउंसर और गार्ड के साथ भी मारपीट की। गार्ड के मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। बॉक्सर के भाई की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने आरोपी कोच और उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी दीपक भास्कर ने बताया कि स्टेडियम रोड पर उनका जिम है। उनके जिम में 17 साल की किशोरी प्रशिक्षण लेने आती है। किशोरी इससे पहले स्टेडियम रोड स्थित एक जिम के संचालक अंकित चौहान से जिम और बॉक्सिंग का प्रशिक्षण ले रही थी। किशोरी राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुकी है। उनका आरोप है कि अंकित चौहान बार-बार खिलाड़ी को अपने जिम में प्रशिक्षण के लिए बुला रहा था, लेकिन उसने जाने से मना कर दिया। गुरुवार रात 10 बजे अंकित चौहान उनके जिम पर पहुंचा और किशोरी से बात करने लगा और मना करने पर अभद्रता की। किशोरी को बचाने पहुंचे भोजीपुरा के गांव लाड़पुर निवासी गार्ड संतोष पर हमला कर दिया। अंकित ने संतोष के मुंह पर कई पंच मारे जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। संतोष को बचाने आए बाउंसर तौफीक के भी कई पंच मारे। उसने बड़ा बाजार निवासी जिम ट्रेनर अभिषेक पर भी हमला कर दिया।

इसके बाद जब एक होटल मालिक पहुंचा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। अंकित अपने साथी धर्मेंद्र के साथ कार से पहुंचा था। किशोरी के भाई की तहरीर पर अंकित चौहान और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी अंकित चौहान के बॉक्सिंग क्लब में बॉलीवुड की एक अभिनेत्री की बहन भी प्रशिक्षण ले रही है।


वायरल वीडियो में मारपीट दिख रहा आरोपी अंकित चौहान (सफेद शर्ट में)।

### रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दी धमकी

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अंकित ने फोन करके जिम संचालक दीपक भास्कर को फोन पर धमकी दी कि यदि किशोरी को ट्रेनिंग कराई तो एक सप्ताह में उन्हें और उनके बच्चों को गोली मार देगा। अंकित ने कहा कि वह 10-20 लाख खर्च कर देगा। सिविल लाइंस में उसके यहां आईपीएस भी ट्रेनिंग करने के लिए आते हैं। आरोपी ने किशोरी के भाई को फोन कर कहा कि तुम्हारी बहन ने फंसाया है, उसने शादी का वादा किया था। उसने बॉक्सर के भाई को भी धमकी दी।

### आरोपी का साथी बिहार में देता था प्रशिक्षण

दीपक भास्कर ने बताया कि अंकित चौहान का साथी धर्मेंद्र यादव बिहार के मुंगेर जिले में बॉक्सिंग कोच था। करीब आठ दिन पहले वह बरेली आया था। बुधवार को अंकित और धर्मेंद्र उससे बात करने के बहाने जिम पर रेकी करने आए थे। गुरुवार को रात 9 .30 बजे दोनों साथ आए। आरोप है कि धर्मेंद्र कार में बैठा रहा और अंकित ने मारपीट की। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित ने घटना का वीडियो भी पुलिस को सौंपा है। किशोरी के परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों बाद नेशनल स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में किशोरी को जाना है। वहीं अंकित के डर से वह अब प्रशिक्षण भी नहीं ले पाएगी। परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

> आरोपी और उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।
> **- अमित पांडेय** - इंस्पेक्टर बारादरी

# कांवड़ यात्रा : एके-47 के साथ तीन टीमों में 45 जवान किए तैनात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विवाद की सूचना पर तुरंत संभालेंगे मोर्चा, टीमों की निगरानी करेंगे तीन पुलिस अधीक्षक**

**अमृत विचार :** श्रावण माह में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने 45 पुलिस कर्मियों की तीन टीमें गठित की हैं, जिनमें सभी जवान एके-47 के साथ 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे। ये टीमें तीन थानों में अलग-अलग तैनात की गई हैं, जो कहीं पर विवाद होने के बाद फौरन मोर्चा संभालने पहुंचेंगी।

गत वर्ष बारादरी थाना क्षेत्र के जोगीनवादा में कांवड़ यात्रा के दौरान बवाल हुआ था। इसको ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर लिया है। उनकी ओर से कांवड़ सेल का गठन कर हेल्प लाइन नंबर जारी किया जा चुका है। अब उन्होंने तीन टीमें गठित की हैं। इन टीमों की निगरानी पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक करेंगे। टीम में 45 पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है। हर एक टीमों में 15-15 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। जिन्हें एके-47, टियर गैस गन, एंटी राइट गन समेत 12 बोर पंप एक्शन गन दी गई है। एक टीम को बारादरी थाने, दूसरी को देवरनियां और तीसरी टीम को भोजीपुरा में रखा जाएगा। विवाद की सूचना पर टीम तुरंत मौके पर पहुंचेगी और शांति व्यवस्था को बनाएगी।

### भीड़ प्रबंधन की गाइडलाइन जारी

हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में कई लोगों की मौत के बाद एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने सभी एडीजी, आईजी और एसएसपी को भीड़ प्रबंधन की गाइडलाइन जारी की है। इसमें बिंदुवार स्थितियों के मुताबिक अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। बरेली एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी सीओ और थाना प्रभारियों को यह गाइडलाइन भेजकर शत प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया है।

> तीन पुलिस अधीक्षक की निगरानी में तीन टीमें गठित की गई हैं, जो कानून व्यवस्था को कायम रखने में मदद करेंगी।
> **-अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

# बाइक सवारों की आंखों में मिर्च डालकर लूट की कोशिश

संवाददाता, बरेली/कैंट

- **बुखारा-फरीदपुर मार्ग पर कलेक्शन एजेंट की आंखों में डाली मिर्च**
- **पीड़ितों ने कैंट थाने में दी तहरीर सराफ से लूट के आरोपी भी फरार**

**अमृत विचार :** बुखारा-फरीदपुर मार्ग पर बाइक सवारों की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर लूट की कोशिश की गई। चार दिन में इस तरह की दो घटनाएं सामने आई हैं। दोनों पीड़ितों ने थाना कैंट में तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। वहीं मंगलवार को कांधरपुर के एक सराफ का बैग छीनने वाले बदमाश भी अभी फरार हैं।

बारीनगला निवासी प्रदीप कुमार पटेल ने बताया कि वह सीएमएस कंपनी में नकदी कलेक्शन करते हैं। वह अपने रिलायंस कैश पॉइंट मिर्जापुर से शुक्रवार सुबह 9:30 बजे बैग में नकदी लेकर शहर स्थित कार्यालय में जमा करने जा रहे थे। इसी बीच सतुआ फैक्ट्री के पास पीछे से दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लोग आए। बदमाशों ने उनकी बाइक के बराबर में आकर पिसी मिर्च का पाउडर उनकी आंखों में डाल दिया, लेकिन उन्होंने सूझबूझ से काम लेते हुए अपनी मोटरसाइकिल वहीं रोक दी। रफ्तार की वजह से आरोपियों की मोटरसाइकिलें आगे निकल गईं। वह मौका पाकर अपनी बाइक पीछे घुमाकर बारीनगला की तरफ चले गए और यूपी 112 को सूचना दी और फिर थाना कैंट में तहरीर दी। पांचों बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। उन्होंने कैंट पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराई है, हालांकि फुटेज में बदमाशों के चेहरे साफ नजर नहीं आ रहे हैं। इसके अलावा थाना भमोरा के गांव हर्रामपुर निवासी सचिन ने बताया कि वह भौआपुर अड्डे पर स्थित एक शराब की दुकान पर सेल्समैन हैं। 24 जुलाई को रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद करके मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मिर्जापुर पेट्रोल पंप के पास एक काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग पीछे से आए। मोटरसाइकिल बराबर में लाकर उनकी आंखों में पिसी मिर्च का पाउडर डाल दिया। उन्होंने भी अपनी बाइक रोक दी, लेकिन तीनों बदमाश पकड़े जाने के डर बुखारा की तरफ चले गए। सचिन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।


सीसीटीवी फुटेज में दिखे बदमाश।


● अमृत विचार

# अब कंपनी ने भी छोड़ा कोविड वॉरियर्स का साथ, सेवा विस्तार की कर्मचारी करेंगे मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **तीन सौ बेड अस्पताल के 53 ठेका कर्मियों की 31 जुलाई से सेवाएं हो रही हैं समाप्त**
- **कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी कंपनी ने शासन के आदेश का हवाला देकर खींचे हाथ**

**अमृत विचार :** करीब चार साल से तीन सौ बेड अस्पताल में मरीजों को सेवाएं दे रहे 53 ठेका कर्मचारी की 31 जुलाई से सेवाएं समाप्त होने जा रही हैं। संक्रमितों की बेहतर सेवा करने पर शासन ने इन कर्मियों को कोविड वॉरियर्स का खिताब दिया था। शासन की ओर से सेवा विस्तार न होने पर कंपनी ने भी इन कर्मियों को सेवा समाप्ति संबंधी नोटिस दे दिया है। इस पर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। उन्होंने लखनऊ कूच कर धरना-प्रदर्शन करने की बात कही है।

दरअसल, कई वर्षों से लगातार ठेका कर्मियों की सेवा का विस्तार किया जा रहा था। इस बार भी कर्मियों को उम्मीद थी कि सेवा का विस्तार हो जाएगा लेकिन शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अब उनकी सेवा का विस्तार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में शासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिया जा चुका है। इसकी जानकारी होने के बाद से ठेका कर्मियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि जल्द वे लखनऊ जाकर विभागीय अफसरों के सामने सेवा विस्तार की मांग करेंगे।

# स्कूटी चोरी के मामले में बीमा कंपनी को देना होगा क्लेम

**विधि संवाददाता, बरेली:** स्कूटी चोरी होने पर क्लेम न देने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी व सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लखनऊ को उपभोक्ता विजय कुमार को बीमाधन की 70 प्रतिशत रकम 34 हजार 206 रुपये, खर्चा मुकदमा 10 हजार रुपये दिए जाने का आदेश दिया है। तुलसी नगर निवासी विजय कुमार ने वकील करन सिंह कन्नौजिया के जरिए आयोग में अर्जी देकर बताया कि 16 फरवरी 2018 की रात दुर्गानगर कालोनी स्थित डांस क्लास में ताला लगाकर स्कूटी खड़ी थी। रात में किसी वक्त चोर गेट का ताला तोड़कर स्कूटी चुराकर ले गए। बीमा कम्पनी को वाहन चोरी की सूचना दी, मगर क्लेम स्वीकार/अस्वीकार करने करने की कोई सूचना 5 वर्ष तक नहीं दी।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी से गैरहाजिर सिपाही को किया निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी में तैनात सिपाही ताराचंद्र को ड्यूटी से लंबे समय से गैरहाजिर रहने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने निलंबित कर दिया और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान 8 मई को पुलिस लाइन से चौथे चरण में सीतापुर, पांचवे चरण में फतेहपुर और छठे चरण में जौनपुर के लिए टोली नम्बर-28 में सिपाही ताराचंद की की ड्यूटी फतेहपुर में लगाई गई थी। उसे बरेली से रवाना किया गया था लेकिन वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा और बिना किसी अधिकारी की अनुमति से लंबे समय तक गैरहाजिर रहा। इसकी वजह से उसे निलंबित कर दिया गया है।

# इंस्पेक्टर ने कोर्ट में कहा मैं रास्ते पर हूं, एडीजी को कार्रवाई का आदेश

विधि संवाददाता, बरेली

- **चार पुलिसकर्मियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी, 1 अगस्त को तलब**

**अमृत विचार :** स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर की अदालत में गवाही के दौरान इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने परिचय पूछने पर कहा कि ''हाल तैनाती मैं रास्ते पर हूँ'' इस पर कोर्ट ने एतराज जताते हुए एडीजी को कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

वर्ष 2022 में थाना आंवला में हत्या का केस ओमप्रकाश आदि के विरुद्ध दर्ज हुआ था। इस समय केस कोर्ट में चल रहा है। शुक्रवार को गवाह निरीक्षक सतीश कुमार और श्याम लाल कोर्ट में हाजिर हुए। निरीक्षक ने परिचय पूछने पर कहा कि उनका नाम सतीश कुमार है तथा हाल तैनाती मैं रास्ते पर हूं। जब इस शब्द पर कोर्ट ने आपत्ति की, तब उन्होंने बताया कि उनका तबादला बरेली से हो चुका है, लेकिन बदायूं में अपनी आमद दर्ज नहीं करवाई है और वह अवकाश पर चल रहे हैं। इंस्पेक्टर के बयान पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए टिप्पणी कि मैं रास्ते पर हूं अत्यंत आपत्तिजनक शब्द है, क्योंकि कोर्ट कोई खेल का मैदान या मजाक करने की जगह नहीं है। गवाह सतीश कुमार को यह बयान न्यायालयी भाषा में कदापि प्रयोग नहीं किया जा सकता और न ही लोक सेवक से विशेषकर जो अनुशासित पुलिस बल का सदस्य है, उससे अपेक्षा ही की जाती है। वहीं, इस मामले के गवाह एसआई सतवीर सिंह, कांस्टेबल रोहित कुमार, चिक लेखक मधुसूदन, विवेचक ओमप्रकाश गौतम समेत 4 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर गवाही के लिए 1 अगस्त को तलब किया है।

# सिर कलम करने की धमकी मिली तो निदा खान ने उठाए पुलिस पर सवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अनजान नंबर से वाट्सएप पर मिला मेसेज**
- **बोलीं- बरेली पुलिस बढ़ा रही शीरान का हौसला**
- **एक्स के जरिये मुख्यमंत्री और पुलिस से की शिकायत**

**अमृत विचार :** आला हजरत खानदान की बहू निदा खान को वाट्सएप पर मेसेज भेजकर सिर कलम करने की धमकी दी गई है। उन्होंने पुलिस पर सवाल खड़े करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की है। निदा खान को यह धमकी उस वक्त मिली है, जब सेशन जज ने एक दिन पहले बड़ा फैसला सुनाते हुए उनके पति शीरान रजा को 10 लाख रुपये एक मुश्त देने का फैसला सुनाया था।

शुक्रवार को निदा खान ने बताया कि उन्हें अनजान नंबर से वाट्सएप पर मेसेज मिला, जिसमें उन्हें धमकी देते हुए 10 लाख नहीं बल्कि 10 हजार गोली मारने की बात कही गई है। धमकी में कहा गया कि उनकी वजह से दूसरी मुसलमान औरतें बागी हो रही हैं। निदा खान का सिर कलम कर चौराहे पर लटकाने तक की धमकी दी गई। जिसके बाद निदा खान ने एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री और बरेली पुलिस से मामले की शिकायत की है।

कहा कि एक महिला इंसाफ के लिए लड़ रही है, जिस पर उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। बरेली पुलिस को कोई परवाह ही नहीं है, यह स्थिति उस वक्त है, जब उनके पति के खिलाफ पहले से गिरफ्तारी वारंट है। पुलिस कार्रवाई नहीं कर उनके पति शीरान रजा का हौसला बढ़ा रही है।

### पति शीरान को देने होंगे 10 लाख रुपये

गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने घरेलू हिंसा के मामले में निदा खान का (होम रेंट) किराया भत्ता चार हजार रुपये महीने से बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया था। उनके पति शीरान रजा अब निदा खान के संरक्षण के लिए उन्हें एकमुश्त 10 लाख रुपये देंगे। अदालत ने पूर्व में तीन लाख रुपये देने संबंधी आदेश की धनराशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का आदेश पारित किया था।

## कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि


जाट रेजिमेंट सेंटर स्थित वार मेमोरियल में कारगिल शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि।

**बरेली, अमृत विचार :** शुक्रवार को जाट रेजिमेंट सेंटर वॉर मेमोरियल में आयोजित कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समारोह में 119 भूतपूर्व सैनिक व नौ वीरांगनाएं उपस्थित रहीं। एरिया कमांडर ने वीरांगनाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कारगिल विजय की तमाम यादों को साझा किया। लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा, मेजर जनरल राजेंद्र राय, ब्रिगेडियर गौतम पेंटल, स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर मनीष कुकरेती, एसएम जेआरसी कर्नल विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ओला-उबर की तरह शहर में ई-रिक्शा आनकॉल सर्विस की तैयारी

**उड़ान**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक आइडिया आपकी जिंदगी को बदल सकता है। हितेश कुमार का स्टार्टअप भी इसी आइडिया का हिस्सा है। उनके दिमाग में ओला-उबर की तरह शहर में ई-रिक्शा आनकॉल सर्विस शुरू करने का विचार आया। उन्होंने फ्यूज इट एप विकसित कर शुरुआत में कुछ इलाकों में सब्जी और फल विक्रेताओं को जोड़कर यह सर्विस शुरू की। इसमें उन्हें अच्छा रिस्पांस मिला। अब वह इसे पूरे शहर में शुरू करने की तैयारी में हैं। पीलीभीत निवासी एवं प्रोटीकान्स सोल्यूशन कंपनी के सीईओ हितेश कुमार स्टार्टअप के जरिए बरेली में रहकर विदेश की कई कंपनियों में सेवाएं देकर युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने शहर के लोगों की सुविधा के लिए भी काम किया है। इसके लिए उन्होंने फ्यूज इट एप तैयार किया। वह बताते हैं कि एप बनाने में काफी पैसा लगता है, जो लोग एप नहीं बनवा सकते हैं, उन्हीं के लिए यह एप बनाया गया है, जो बरेली और अन्य छोटे शहरों के वेंडर्स के लिए कारगर है।


एप के जरिए फल व सब्जी की खरीदारी करती महिला।

- हितेश ने फ्यूज इट एप तैयार कर कॉलोनियों में सब्जी और फल विक्रेताओं को जोड़ा
- शुरुआत में कुछ इलाकों में शुरू की सर्विस, अब पूरे शहर में इसका विस्तार कर रहे

उन्होंने बुक राइड सर्विस शुरू की है। इसे ई रिक्शा आनकॉल सर्विस भी कहते हैं। शुरुआत में उन्होंने इस सर्विस के जरिये महानगर और, ग्रीन पार्क जैसी कालोनियों में लोगों को सुविधा देने के साथ ड्राइवरों को भी रोजगार दिया। हितेश अब इस प्रोजेक्ट को पूरे शहर में शुरू करने जा रहे हैं। वह ई रिक्शा चला रहे सैकड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ेंगे। रात में लोग सुरक्षित गंतव्य तक पहुंच सकें, इसकी भी तैयारी की जा रही है।

एप के जरिए महानगर, मेगा सिटी, ट्यूलिप ग्रांड अपार्टमेंट के लोग फल और सब्जी की खरीदारी कर रहे हैं। एप के जरिए वह सामान की बुकिंग करते हैं और तय समय में उनके घर में सामान उपलब्ध हो जाता है। कॉलोनियों में इस एप का प्रयोग करने वाले सब्जी और फल विक्रेता भी ई रिक्शा से फेरी लगाते हैं। कॉलोनी के लोग उनसे सामान खरीदते हैं। अब प्रेम नगर और वीरसावरकर नगर में भी सेवा शुरू करने की तैयारी है। इस एप के जरिए शहर के लोकल प्रोडक्ट और मार्केट के लोग भी लाभ ले सकेंगे।

हितेश के अनुसार इस प्रोजेक्ट से पब्लिक को वेंडर्स से जोड़ेंगे। किसी के घर में शादी है, वह इस एप से जरिये पता कर सकेगा कि शहर के किस दुकान से शादी के सामान की खरीदारी पर आफर या छूट है। दुकानदार अपने प्रोडक्ट और आफर की जानकारी इस एप पर दर्ज करेंगे और जनता उसे देखकर खरीदारी कर सकेगी।

## कारगिल के योद्धा कैप्टन अरविंद को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ कैंट स्थित कारगिल चौक पर मनाई। इस दौरान युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। विशिष्ट अतिथि इतिहासकार रणजीत पांचाले व क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने कारगिल युद्ध में विजय पताका फहराकर देश का नाम रोशन करने वाले बहादुर जवान कैप्टन अरविंद कुमार को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल से जुड़े अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम का आरंभ अरुणा सिन्हा ने किया। प्रकाश चंद्र सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, एएस अग्रवाल, विजय कपूर, डीडी शर्मा, मुकेश सक्सेना, विक्रम सिंह, कैप्टन राम लाल, कैप्टन प्रमोद उपाध्याय, जितेंद्र सक्सेना, कमल भाटिया, संध्या भाटिया, हेमंत कुमार शर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, नरेंद्र कुमार कोहली, निर्भय सक्सेना, एएल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कारगिल शहीद के पिता का किया सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कारगिल शहीद लेफ्टिनेंट पंकज अरोड़ा के पिता श्याम सुंदर अरोरा को शॉल ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शहीद के पिता ने पुत्र के कुछ संस्मरण भी सुनाए। डॉ. मेहंदी हसन, नीतू शर्मा, दिनेश दद्दा, जुनैद हसन, पाकीजा खान, उल्फत सिंह कठेरिया, सोनू खान, राज नारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## कारगिल शहीदों की शौर्य गाथा को किया याद



**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली पब्लिक स्कूल में 25वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र व शिक्षकों ने कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शौर्य गाथा को याद किया। देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही विभिन्न किस्मों के फल एवं छायादार पौधे भी लगाए गए। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, प्रधानाचार्य वीके मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सुभाष मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

**बरेली, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सब ने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्काउट दल के छात्रों ने समूह गीत प्रस्तुति किया। शिक्षकों ने छात्रों को कारगिल युद्ध से जुड़ी शौर्य गाथाएं बताई। छात्रों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। स्काउट मास्टर राकेश कुमार शर्मा, डॉ. कैलाश पाठक, इंद्रप्रकाश अग्निहोत्री, अवनि यादव, अतुल कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# मेरिट में शामिल छात्रों ने शुल्क जमा न होने पर किया हंगामा

### बरेली कॉलेज में सेमिनार कक्ष मिला बंद, प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने समझाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रथम चरण के तहत छात्रों के प्रवेश पूरे हो गए हैं। मेरिट में शामिल कई छात्रों का शुल्क जमा नहीं होने से प्रवेश नहीं हो सका। इससे परेशान छात्र शुक्रवार को अभिभावकों के साथ कॉलेज में सेमिनार कक्ष में प्रवेश समिति से शिकायत करने पहुंचे लेकिन सेमिनार कक्ष बंद मिला। इससे नाराज छात्रों और अभिभावकों ने हंगामा किया। प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने मौके पर पहुंचकर शांत किया।

कॉलेज ने बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए पहले चार मेरिट निकालीं। मेरिट में शामिल छात्रों को निर्धारित समय के बाद एक दिन और शुल्क जमा कर प्रवेश लेने का मौका दिया। एक मेरिट के प्रवेश पूरे होने पर रिक्त सीट के बाद दूसरी मेरिट जारी की गई। इसके बाद भी मेरिट में शामिल कई छात्रों का प्रवेश नहीं हो सका। छात्रों का कहना है कि शुल्क जमा न होने की वजह से उनका प्रवेश अटक गया। गुरुवार को बीएससी जीव विज्ञान की पांचवी मेरिट जारी कर भी कुछ छात्रों के प्रवेश हुए। मेरिट में शामिल छात्रों के प्रवेश गुरुवार रात 12 बजे तक हुए, इसके बाद विश्वविद्यालय ने पोर्टल बंद कर दिया। इसके बाद किसी के प्रवेश नहीं हुए। प्रवेश न होने से परेशान छात्र शुक्रवार को अभिभावकों के साथ बरेली कॉलेज पहुंचे और हंगामा किया।


हंगामा करते छात्रों व अभिभावकों को समझाते प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य। • अमृत विचार

### छात्रा की मांग भरने की उड़ा दी अफवाह

बरेली कॉलेज में शुक्रवार को एक छात्रा की मांग भरने की अफवाह उड़ा दी गई। इसके बाद छात्रों ने जमकर हंगामा किया। छात्रा की मांग भरने का आरोप पीलीभीत बाईपास स्थित एक मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र पर लगा। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि मेरिट में शामिल छात्रों के शुल्क जमा करने की समस्याएं हैं। विश्वविद्यालय ने गुरुवार रात पोर्टल बंद कर दिया है। छात्रों और परिजनों को समझाकर शांत किया। छात्रा की मांग भरने की किसी ने अफवाह उड़ा दी थी।

### सेमिनार कक्ष में नशे में पहुंचा था युवक

बरेली कॉलेज के सेमिनार कक्ष में गुरुवार को एक युवक शराब के नशे में पहुंच गया। वह किसी छात्र के प्रवेश के संबंध में जानकारी करने पहुंचा था। वह प्रवेश समिति से झगड़ा करने लगा। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने उसे समझाने की कोशिश की तो उलझ गया। इसके बाद उसे स्टाफ की मदद से बाहर किया गया।

## अवंतीबाई ने बीएससी जीव विज्ञान की तीसरी मेरिट जारी की

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए तीसरी मेरिट शुक्रवार को जारी की।

मेरिट में शामिल छात्राओं को 27 से 30 जुलाई तक महाविद्यालय में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक प्रवेश के लिए पहुंचना होगा। इसके बाद उन्हें साक्ष्ज्ञात्कार के बाद प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा अनारक्षित वर्ग की कटऑफ 67.4 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग की कटऑफ 59.8 प्रतिशत रही। इसके अलावा अनुसूचित वर्ग की छात्राओं को प्रवेश के लिए 30 जुलाई तक दस्तावेज महाविद्यालय में प्रवेश समिति में जमा करने होंगे। सीटों की उपलब्धता के आधार पर वरीयता क्रम में छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा।

वहीं बीएससी गणित और बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए जिन छात्राओं ने आवेदन किया है, वह 2 अगस्त तक महाविद्यालय में प्रवेश के लिए साक्षात्कार में उपस्थित हों। छात्राएं कॉलेज की वेबसाइट पर आवेदन कर प्रपत्र महाविद्यालय में जमा कर सकती हैं।

## गर्मी से कक्षाओं में बेहोश हुए बच्चे पढ़ाते-पढ़ाते अध्यापिका भी गिरीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जिले के कई परिषदीय विद्यालयों में गर्मी के कारण बच्चे बेहोश हो गए। एक विद्यालय में तो महिला शिक्षक भी पढ़ाते-पढ़ाते बेहोश होकर गिर पड़ीं। शिक्षकों ने अस्पताल ले जाकर उन सबका प्राथमिक उपचार कराया। उसके बाद अभिभावकों को बुलाकर उनके साथ घर भेज दिया।

- शिक्षक संगठनों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की समय परिवर्तन की मांग

शिक्षकों का कहना है कि अधिकतर स्कूलों में गर्मी से राहत पाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्कूल अवधि में बिजली की आपूर्ति ही नहीं होती है। शुक्रवार को आलमपुर जाफराबाद के तोलकपुर प्राथमिक स्कूल में अध्यापिका राखी गुप्ता कक्षा में पढ़ाते हुए बेहोश हो कर जमीन पर गिर पड़ीं। साथी शिक्षकों ने उन्हें निकट के अस्पताल में ले जाकर उपचार कराया। इसके अलावा शहर में आजाद नगर के कंपोजिट स्कूल में एक छात्रा बेहोश हो गई। मझगवां में निसोई के उच्च प्राथमिक स्कूल में एक छात्र भी बेहोश हुआ। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमारी सहित तमाम शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर स्कूलों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक करने की मांग की है।


आलमपुर जाफराबाद के प्राथमिक स्कूल में अध्यापिका बेहोश हो गिर पड़ीं।


आजाद नगर के प्राथमिक स्कूल में बेहोश छात्रा को पानी पिलातीं अध्यापिका।


कांवड़ लेकर मंदिरों की ओर जाते शिवभक्त। • अमृत विचार

## नाथ मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा

**बरेली, अमृत विचार :** शुक्रवार को पशुपतिनाथ, वनखंडीनाथ, अलखनाथ, धोपेश्वरनाथ, तपेश्वरनाथ, त्रिवटीनाथ और मढ़ीनाथ आदि शिव मंदिरों में दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने विधिवत पूजा- अर्चना के साथ मंदिर की परिक्रमा की। इस दौरान मंदिरों में काफी भीड़भाड़ रही। चौपुला, पीलीभीत बाईपास, नैनीताल रोड, दिल्ली रोड आदि मार्गों पर कावंड़ियों के जत्थों का जल लेने के लिए रवाना होने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

## 19 को भद्रा काल के बाद मनाया जाएगा रक्षाबंधन

**बरेली, अमृत विचार :** रक्षाबंधन 19 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन भद्रा काल सुबह 5:46 से दोपहर 1:24 बजे तक रहेगा। इस अवसर पर रवि, शोभन, सौभाग्य और सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार भद्रा काल के बाद ही रक्षाबंधन मनाया जाना शुभकारी रहेगा। ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि भद्रा का वास इस बार पाताल लोक में है। इससे विशेष नुकसान नहीं है फिर भी रक्षा सूत्र का यह पर्व इसके बाद ही मनाया जाना उत्तम रहेगा। ज्योतिषाचार्य पं. मुकेश मिश्रा ने बताया कि ज्योतिष के अनुसार मंगल, बृहस्पति, चंद्रमा और सूर्य रक्षासूत्र के पवित्र धागों से संबंधित हैं। ये ग्रह भाई, बहन, माता, पिता का प्रतिनिधित्व करते हैं। बहन के रक्षासूत्र से भाई का मंगल ग्रह मजबूत होता है, जो शक्ति, विजय और शुभ का कारक कहा जाता है।

## भोजीपुरा टोल की सिर्फ चल रहीं तीन लाइनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में डीएम रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उद्यमियों ने अपनी समस्याएं बताईं। भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने पीएनसी कंपनी के टोल प्लाजा का मुद्दा रखा। कहा कि टोल पर पांच लाइनों में से तीन लाइनें ही चलाई जाती हैं। इससे यहां लंबा जाम लगता है। यहां फास्टटैग की व्यवस्था नहीं है। हर लाइन से ट्रक गुजारे जाते हैं। इससे उद्यमियों को टोल पार करने में समय लगता है।

डीएम ने कंपनी के प्रतिनिधियों को शीघ्र फास्टटैग लगाने के निर्देश दिए। प्रतिनिधि ने बताया कि ज्यादा भीड़ बढ़ने पर सभी लाइनों से वाहन गुजारे जाते हैं। आईआईए के अध्यक्ष मयूर धीरवानी ने परसाखेड़ा और सीबीगंज के राजेश गुप्ता ने सीबीगंज की सड़क और नाली दुरस्त नहीं होने की बात रखी। मयूर ने कहा कि रोड नंबर एक पर फैक्ट्री से नगर निगम टैक्स तो लेता है, लेकिन सड़क निर्माण और पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है।



जिला उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी को समस्याएं बताते उद्यमी। • अमृत विचार

- उद्यमियों ने बैठक में जिलाधिकारी को बताईं समस्याएं

निगम अफसरों ने कहा कि वहां बरसात के बाद काम शुरू कराया जाएगा। एसके सिंह ने रामपुर रोड और पीलीभीत रोड पर सड़क किनारे लगाई गई बैरीकेडिंग के पीछे पौधरोपण की व्यवस्था को गलत बताते हुए कहा कि जिस जगह घास नहीं उग सकती है, वहां पौधे कैसे पनप जाएंगे। मिट्टी ठीक नहीं है। इस पर डीएम ने अफसरों से निरीक्षण करने की बात कही। बैठक में सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश कुमार, बीडीए सचिव योगेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव आदि के अलावा आईआईए के विमल रेवाड़ी, उन्मुक्त संभव शील, पवन अरोरा आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# बजट के अभाव में लटका मेडिकल कॉलेज का काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 129 करोड़ रुपये का है बजट जबकि पास हुए 113 करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** नगरवासियों को राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज व चिकित्सालय के लिए अभी और इंतजार करना होगा। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता चंद्रप्रकाश का कहना है कि इसका काम 98 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, लेकिन बजट की कमी और बिजली कनेक्शन में आ रही बाधाओं के कारण काम पूरा होने में लगभग दो माह लग सकते हैं।

इसका कार्य सितंबर 2021 में शुरू हुआ था। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आंतरिक बिजली फिटिंग, बिल्डिंग का कार्य, सड़क, अंडरग्राउंड वाटर टैंक व अन्य कार्य पूरे हो चुके हैं। बिजली कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग की ओर से बिल्डिंग को बाहर के उपकेंद्र से कनेक्शन उपलब्ध कराने की बात की जा रही है। इसके लिए साढे छह करोड़ रुपये और खर्च आएगा, जिसका बजट अब नहीं है। प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज त्रिपाठी ने बताया कि हमारी तरफ से काम पूरा हो चुका है। पेंटिंग, बाउंड्री वॉल, पार्किंग व रोड का काम ही बचा है। कार्य का टेंडर 129 करोड़ रुपये का है, जबकि 113 करोड़ रुपये पास हुए। कंपनी की तरफ से इससे अधिक पैसा खर्च किया जा चुका है। पीडब्ल्यूडी पर भी कंपनी के 16 करोड़ रुपये बकाया हैं। यदि धनराशि समय से मिल जाती है तो काम भी जल्द ही पूरा हो जाएगा और बिल्डिंग हैंडओवर की जा सकेगी। क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी अली अब्बास का कहना है कि काम पूरी तरह खत्म होने में अभी लगभग दो माह तक लग सकते हैं।

## जिक्र-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** फैजाने आला हजरत कमेटी ने लाइन पार इस्लामनगर करमपुर चौधरी में जिक्र-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। अध्यक्षता नबीरा-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा ने की। शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। मौलाना हनीफ कादरी दमखोदवी, मरकजी मस्जिद बीबी जी के पेश इमाम मुफ्ती उमर रजा, मौलाना इजाज अहमद, मौलाना जमी ने अपने खिताब में शहीद-ए-कर्बला के बारे में बताया। शायरे अहले सुन्नत मीर हसन मुस्तफाई और नातख्वां नईम अख्तर ने शहीदे आजम की शान में मनकबत पेश की। संचालन कारी हस्सान रजा ने किया। अहमद रजा, तौफीक रजा, तस्लीम रजा, फैज रजा, रिजवान रजा, फैजान रजा, आसिफ रजा, साबिर रजा, फहीम रजा आदि रहे।

## नर्मदेश्वर नाथ शिव मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया


बालाजी विहार कॉलोनी स्थित नाथ शिव मंदिर में पूजन करते लोग। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** शुक्रवार को नर्सरी रोड पर बाला जी विहार कॉलोनी स्थित बाबा नर्मदेश्वर नाथ शिव मंदिर का 16वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में आचार्य सौरभ पांडेय व संदीप पांडेय ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक व अनुष्ठान संपन्न कराया। मंदिर प्रबंध कमेटी की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

ट्रस्ट के संरक्षक राजेश्वरी देवी, सचिव विमल पांडेय, अध्यक्ष आदेश कटियार, कोषाध्यक्ष सरिता कौशिक, उपाध्यक्ष ओमपाल सिंह, वीरेंद्र मिश्र, अनिल पांडेय, रामाधार मिश्रा, रूपराम मिश्रा, नागेंद्र कौशिक, उमेश गुप्ता, दिनेश पाल सिंह, जेएस भाकुनी आदि उपस्थित रहे।

## बॉक्सिंग : बिना कोच के खिलाड़ी कर रहे अभ्यास

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल की व्यवस्था लचर है। यहां तमाम खेलों के संसाधनों का अभाव है। बॉक्सिंग में कोच की तैनाती नहीं है। बिना कोच के ही खिलाड़ियों को अभ्यास करना पड़ रहा है।

दरअसल, एक साल पहले बॉक्सिंग में तैनात हुए कोच का नवीनीकरण हुआ था, लेकिन नए सत्र में कोच नहीं आए। बॉक्सिंग के खिलाड़ी एक बार फिर बिना कोच के अभ्यास कर रहे हैं। यहां बॉक्सिंग रिंग और अन्य संसाधन का खिलाड़ियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में 10 से अधिक खिलाड़ी अभ्यास करते हैं।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव के अनुसार नए सत्र में कोच की तैनाती नहीं हुई। इसके लिए निदेशालय को जानकारी दे दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही कोच की तैनाती की जाएगी।

## स्ट्रोक और रेनल रिप्लेसमेंट को लेकर किया गया मंथन


आईएमए की ओर से आयोजित क्लिनिक मीट में मौजूद आईएमए पदाधिकारी।

- आईएमए ने क्लिनिक मीट आयोजित की, वरिष्ठ डॉक्टरों ने अनुभव किए साझा

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमए की ओर से गुरुवार देर रात न्यूरोरडियोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी पर क्लिनिक मीट का आयोजन हुआ, जिसमें स्ट्रोक एवं रेनल रिप्लेसमेंट थेरेपी की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

आईएमए सभागार में आयोजित मीट में कई वक्ताओं ने न्यूरोरडियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी पर अनुभव साझा किए। इंटरवेंशनल न्यूरोरडियोलॉजी इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूरोसइनेस के निदेशक डॉ. गौरव गोयल ने स्ट्रोक और नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन एंड यूरोलॉजी इंस्टिट्यूट के एसोसिएट कंसलटेंट डॉ. अंकुर मित्तल ने रेनल रिप्लेसमेंट थेरेपी की भूमिका एवं उनके समाधान के महत्व पर चर्चा की। अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, उपाध्यक्ष डॉ. राज कुमारी मित्तल, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. विनय अग्रवाल, डॉ. राम सिंह कुशवाहा, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. विद्यानन्द झा, अभिजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

बहेड़ी, अमृत विचार : कारगिल विजय दिवस पर देश के लिए जान न्यौछावर करने वाले अमर सपूतों को पुष्पांजलि अर्पित कर बड़ी श्रद्धा के साथ याद किया गया। भाजपा नेता राहुल गुप्ता के साथ चौधरी संजीव सिंह, राजीव सिंह, रजत गुप्ता, विक्रम सिंह सहित कई लोग गांव टांडा मीर नगर पहुंचे और कारगिल शहीद पुष्पेंद्र सिंह की समाधि को नमन कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कारगिल युद्ध में शहादत देने के समय पुष्पेंद्र सिंह महज 22 साल के थे। उनकी स्मृति में गांव की सीमा पर एक स्मारक द्वार बनाया गया था जो अब उपेक्षा का शिकार हो चला है।

### पुलिस से चकरोड नष्ट करने की शिकायत

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : फतेहगंज पूर्वी के गांव नगलाजसी के प्रधान ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके गांव में चकरोड नंबर 4 पर खड़ंजा पड़ा हुआ था। जिसे गांव के कुछ लोगों द्वारा नष्ट कर दिया गया जिसकी शिकायत उन्होंने तहसील में भी की जहां तहसील स्तर से जांच हो रही है। अब प्रधान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### गर्मी में स्कूलों का समय बदलने की मांग

रिठौरा, अमृत विचार : गर्मी और उमस से परिषदीय स्कूलों के बच्चों और शिक्षकों की हालत दोपहर में खराब हो जाती है, क्योंकि विद्यालय समय में बिजली की समस्या रहती है जिसकी वजह से बच्चों की तबीयत खराब हो रही है। कुछ स्कूल में बच्चे बेहोश हो चुके है इन सारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष प्रवेश कुमारी यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को बीएसए से विद्यालय समय 8:00 से 12:30 तक करने के लिए ज्ञापन दिया।

### बिजली चोरी करने वाले 11 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

देवरनियां, अमृत विचार : बिजली चोरी रोकने के लिए विजिलेंस और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने रिछा कस्बे में बिजली की सघन चेकिंग की। इस दौरान घरों में जाकर लोड चेक किए गए। 11 लोग मीटर बाइपास कर बिजली चोरी करते पाए गए। टीम ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट कराई।

### जमीन के विवाद में मारपीट एसएसपी से शिकायत

बिशारतगंज, अमृत विचार : जमीन के बंटवारे के विवाद में पिछले दिनों में महिला उसके पति और ससुर से उसके देवर और जेठ ने मारपीट की थी। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी, पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर उसने एसएसपी से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि उसके पति तीन भाई हैं, ससुर ने जमीन को चार भागों में बांट दिया, एक भाग स्वयं के लिए रखा है वह उसके साथ रहते है। इसीसे नाराज होकर उसके देवर और जेठ आए दिन लता उसके पति और ससुर से विवाद करते हैं। आरोप है कि गुरुवार दोपहर लता का पति खेत से घर आ रहा था, रास्ते में उसके देवर, जेठ और उनके लड़कों ने घेर लिया और मारपीट करने लगे। सूचना पर वह और उसके ससुर भी पहुंच गए तो उन लोगों ने उनसे भी मारपीट की। उसने गुरुवार को ही थाना पुलिस को तहरीर दी, आरोप है कि पुलिस ने उसकी कोई मदद नहीं की, इसलिए उसने एसएसपी से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की।

### गोवंशीय पशुओं के वध करने वाले छह गिरफ्तार

भोजीपुरा, अमृत विचार : पुलिस ने पिछले दिनों हुई गोवंशीय पशुओं की हत्या का खुलासा करते हुए छह मांस तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीन तस्कर भागने में सफल रहे। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के भैरपुरा गांव के पास बंद पड़े ईंट भट्ठे पर संरक्षित पशुओं का अवशेष पिछले सप्ताह बोरे में मिले थे। पुलिस ने अज्ञात मांस तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। थानाध्यक्ष रामरतन सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह 5 बजे मुखबिर की सूचना पर ईंट भट्ठे के पास छह लोगों को पकड़ लिया, तीन लोग फरार हो गए। पकड़े मांस तस्करों के पास पशुओं के काटने के औजार बरामद हुए। आरोपियों की पहचान सूखे, वली मोहम्मद निवासी बैकुंठपुर थाना भोजीपुरा, मुस्तफा निवासी दोहना पीतमराय, शकील, कल्लू, छुट्टन, निवासी वार्ड नंबर पांच धौराटांडा के रूप में हुई।

### डंपर में घुसा सांप, चालक ने कूदकर बचाई जान

सिरौली, अमृत विचार : सिरौली-अलीगंज मार्ग पर शुक्रवार सुबह 9:00 बजे एक डंपर चालक के उस समय पसीने छूट गए, जब उसकी केबिन में एक सांप घुस आया। इसके बाद चालक और परिचालक ने डंपर से कूद कर जान बचाई। सड़क पर डंपर खड़ा होने से जाम के हालात बन गए। शुक्रवार सुबह अलीगंज मार्ग पर रामपुर के टांडा से डंपर आगे पीछे सिरौली से होकर बरेली जा रहे थे सिरौली अलीगंज मार्ग पर पेट्रोल पंप के आगे रोड पर एक नेवला और सांप की लड़ाई हो रही थी। जिसे देख चालक ने डंपर को रोक लिया।

# धोपेश्वरनाथ मंदिर की मुख्य सड़क पर फैली गिट्टी

## सावन में प्रत्येक सोमवार को हजारों की संख्या में कांवड़िये नंगे पांव शिव का जलाभिषेक करने आते हैं

संवाददाता, कैंट

अमृत विचार : छावनी परिषद की धोपेश्वर नाथ मंदिर को जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर हो चुकी है। जिससे सावन में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

छावनी परिषद की सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कराए जाने की मांग करते हुए इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मेहता ने रक्षा संपदा बरेली के अध्यक्ष और रक्षा मंत्रालय समेत प्रधान निदेशक को पत्र लिखा है। उन्होंने सड़कों की वर्तमान जर्जर स्थिति पर आक्रोश जताते हुए कहा है। कि सावन में प्रत्येक सोमवार को हजारों की संख्या में कांवड़िये नंगे पांव धोपेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आते हैं। मंदिर को जाने वाली मुख्य सड़क उधड़ी पड़ी है। जिससे कांवडियों को आने जाने में भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। कहा कि छावनी परिषद ने सावन मास शुरू होने से पहले सड़कों के गड्ढे पत्थर और रेत के मिश्रण से भरवा कर खानापूरी करा दी। डाले गए पत्थर बजरी सड़कों पर फैल गई है। जिस पर दोपहिया वाहन सवार गिर कर चोटिल हो रहे हैं। नामित सदस्य छावनी परिषद के डॉ. वैभव जायसवाल का कहना है कि 3.40 करोड़ से छावनी परिषद की सड़कों का कायाकल्प कराया जाना है। पीडब्ल्यूडी ने वर्क आर्डर जारी कर दिया है, जिसे छावनी परिषद की देखरेख में कराया जाएगा। बरसात की वजह से कार्य रुका हुआ है। बारिश के बाद कार्य शुरू हो जाएगा।



सड़क पर फैली गिट्टी कांवड़ियों के लिए बनेगी मुसीबत। • अमृत विचार

### सड़क पर पत्थर डालकर छोड़े, कैसे निकलेंगे कांवड़िये



बिशारतगंज, अमृत विचार : पीडब्ल्यूडी ठेकेदार ने सड़क निर्माण के लिए पत्थर डालकर छोड़ दिए, इस वजह से बाइक सवार और साइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। सोमवार को गांव से डाक कांवड़ निकलने है। ऐसे में शिवभक्तों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को क्षेत्र के गिदौली गांव के नीरज, सुरेश, लाल बहादुर, धर्मवीर, अशोक, धरमवीर समेत अन्य ने ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए बताया कि दो महीने से पीडब्ल्यूडी के मजदूर सड़क डाल रहे है। दो महीने पहले सड़क पर पत्थर डालकर छोड़ जिए जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। शुक्रवार को एक युवक की बाइक फिसलने से घायल हो गया।

### नहीं कराई सड़क की मरम्मत, कैसे निकलेंगे छह गावों के कांवड़िये



देवरनियां, अमृत विचार : कांवड़ मार्गों को सही कराने के निर्देश थे, लेकिन देवरनियां में यह आदेश हवा में उड़ गया। जिम्मेदारों ने देवरनियां–मुंडिया जागीर मार्ग को ठीक नहीं कराया गया है। यहां पत्थड़ डालकर छोड़ दिए,इसी मार्ग से छह गांवों कांवड़िये निकलेंगे। देवरनियां से मुंडिया जागीर तक दो किमी रोड की हालत किसी से छुपी नहीं है। इस रोड से अभयपुर, टाह, कासमपुर, मुंडिया जागीर, महमूदपुर, सिंतरा की कांवड़ यात्रा निकलेगी। यह रोड नगर पंचायत देवरनियां की सीमा में आती है, इसे नगर पंचायत की ओर से ही ठीक कराया जाएगा। निकाय चुनाव में यह मुख्य मुद्दा था। नगर पंचायत चेयरमैन मो. कलीम अंसारी ने चुनाव जीतने के बाद इसे प्राथमिकता के आधार पर कराने का वादा नगर वासियों से किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। वहीं चेयरमैन मोहम्मद कलीन अंसारी ने बताया कि कावंड़ यात्रा के लिए हमने अपने स्तर से गड्ढों को भरवा दिया है। सड़क निर्माण की की फाइल शासन में अंतिम दौर में है। जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

संवाददाता, फरीदपुर



• महिला का शव घर में छोड़कर ससुराली भागे, सात पर रिपोर्ट

अमृत विचार : शादी के तीन साल बाद दहेज के लिए महिला की गला दबाकर की हत्या कर दी गई, इसके बाद ससुराल वाले घर से फरार हो गए। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर निवासी राम सिंह की 25 वर्षीय बेटी पिंकी का विवाह तीन साल पहले थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव करनपुर कला निवासी अंकित से हुआ था आरोप है कि अंकित आए दिन पत्नी से मारपीट करता था, वह शराब पीने का भी आदी है। गुरुवार रात शराब पीकर पत्नी पिंकी से झगड़ा किया, इसके बाद उसने परिवार वालों के साथ मिलकर पिंकी की गला दबाकर हत्या कर दी, उसके शव को फंदे पर लटकाकर घर से फरार हो गए। गांव के ही पिंकी के रिश्तेदारों ने उसके चाचा विजेंद्र पाल को सूचना दी। इसके बाद वह परिवार के साथ पिंकी की ससुराल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिंकी के मायके वाले जब ससुराल पहुंचे तो घर का दरवाजा खुला था और उसका शव जमीन पर पड़ा था। आरोप है कि यदि पिंकी की हत्या नहीं की गई होती तो ससुरालवाले घर से नहीं भागते। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति अंकित, सास, ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नवजात की मौत के बाद हंगामा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान तीन दिन पहले नवजात की मौत हो गई। शुक्रवार को प्रसूता के परिजन एकत्रित होकर अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया।

गुस्साए परिजनों ने आंवला भमोरा रोड पर जाम लगा दिया। जिससे दूर दूर तक वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान आधा घंटे तक राहगीर परेशान होते रहे। राजपुर खुर्द गांव निवासी मुनेश ने आरोप लगाया कि एक अस्पताल में उसकी पत्नी के प्रसव के दौरान उसके नवजात की मौत हो गई। वह शुक्रवार को अस्पताल में शिकायत करने गया, वहां उसकी अस्पताल स्टॉफ से नोकझोंक हो गई हंगामा होता देख भीड़ एकत्रित हो गई। मामला बढ़ने पर मुनेश के परिजन आक्रोशित हो गए और मंडी गेट के समीप बाइकें लगाकर जाम लगा दिया। वाहनों की कतारें लगने पर पुलिस पहुंच गई पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवा दिया। गौरतलब हो इस अस्पताल पर पहले भी गम्भीर आरोप लग चुके हैं। दो मामलों में रिपोर्ट भी दर्ज हो चुकी है। हालांकि देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया। आंवला इंस्पेक्टर सिद्धार्थ सिंह तोमर ने बताया कि जाम की सूचना पर वह पुलिस बल के साथ पहुंचे थे। लोगों ने जाम खोल दिया था। अस्पताल के खिलाफ किसी ने कोई शिकायत नहीं दी है। पीड़ित पक्ष और अस्पताल के बीच समझौता होने की बात सामने आई है।

### गलत इलाज से महिला चलने फिरने में हुई लाचार

• शिकायत पर एसडीएम ने दिए जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश

मीरगंज, अमृत विचार : प्रसव के दौरान महिला डॉक्टर के इलाज से एक महिला चलने– फिरने में असमर्थ हो गई है। उसके पति ने उसने डीएम से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की। गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज के मझरा अब्दुल्लागंज के राकेश कुमार पिछले दिनों पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर मीरगंज ले गए। बलूपुरा रोड के नजदीक उन्होंने महिला चिकित्सक के यहां उसे भर्ती कराया। महिला डॉक्टर ने उसका प्रसव कराया, उसने एक पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के बाद डॉक्टर ने चार दिन तक अस्पताल में रखा। इंजेक्शन और ड्रिप लगाई, फिर भी चल नहीं सकी। पति ने जब शिकायत की तो डॉक्टर ने बताया कि कमजोरी के कारण नहीं चल पा रही हैं और उसे घर भेज दिया। पीड़िता के पति का आरोप है महिला डॉक्टर के गलत इलाज से उसकी पत्नी का कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं कर रहा है। शिकायत करने पर डॉक्टर ने उससे गाली गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पति ने मामले की शिकायत एसडीएम मीरगंज से की। एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक मीरगंज को दिए।

# इस्लाम कबूल करो नहीं तो जान से मार दूंगा

संवाददाता, फरीदपुर

• युवती ने तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: युवती ने युवक को फोन पर अश्लील बातें करने से मना किया तो आरोपी ने उसे अपहरण करके धर्म परिवर्तन, सामूहिक दुष्कर्म और लाश गायब करने की धमकी दी। युवती ने तहरीर देकर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि सलीम खान निवासी गांव घारमपुर बुखारा रोड उसे फोन पर अश्लील बातें करता है मना करने पर नहीं मानता है और कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो नहीं तो अपहरण करके तुम्हारा सामूहिक दुष्कर्म करवाऊंगा फिर जान से मार कर लाश का पता नहीं चलने दूंगा। उसने धमकी दी है कि उसका दोस्त गांव का प्रदीप जाटव और आकाश जो की दरोगा का बेटा है और साथ में आकाश से गाली दिलवाता है जान से मारने की धमकी दिलवाता है। आकाश और प्रदीप कहते हैं जैसा सलीम बोलता है वैसा कर लो नहीं तो अच्छा नहीं होगा। सोशल मीडिया पर सलीम ने उसका फोटो लगाया और धमकी दी कि अगर बात नहीं मानेगी तो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा एक फेक आईडी बनाकर उसका फोटो लगाया है इसलिए उसने घर के बाहर निकलना बंद कर दिया है सलीम अपने दोस्त आकाश और प्रदीप जाटव के साथ मिलकर रास्ता रोकता है अश्लील हरकतें करते हैं युवती की तहरीर पर सलीम आकाश और प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### दूसरे समुदाय के युवक पर किशोरी के अपहरण का आरोप

आंवला, अमृत विचार : मुकदमें में गवाही होने से पूर्व आरोपी किशोरी को असलहा के बल पर जबरन उठा कर ले गया। किशोरी के पिता ने घटना के 29 दिन बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के एक व्यक्ति ने बताया कि 27 जून की रात वह मोहल्ले में परिवार के साथ दावत खाने गया था। उसकी 15 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। इसी बीच मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी जाहिद पुत्र आजाद असलहा के बल पर उसकी बेटी को उठा कर ले गया। उसने बताया कि वह युवक उसकी बेटी को पहले 18 अक्टूबर 2022 को अपने भाइयों साहिल और सज्जाद के सहयोग से बहलाकर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज है। सजा होने से बचने के लिए युवक उसकी बेटी को जबरन उठाकर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 30 घंटे बाद भी किशोरी का नहीं चला पता

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : कस्बे से लापता हुई किशोरी के मामले में तीस घंटे बाद भी पुलिस के अभी हाथ खाली है। किशोरी का पता नहीं लगने से परिजनों की बेचैनी लगातार बढ़ती जा रही है। परिजनों ने पुलिस के बड़े अधिकारियों से किशोरी को शीघ्र बरामद करने की मांग की है। इस घटना के बाद से मोहल्ले में दहशत है लोग, अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे है। कस्बे के एक कारोबारी की 15 वर्षीय बेटी गुरुवार की सुबह कॉलेज पढ़ने गई थी। छुट्टी होने के बाद भी जब घर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की परंतु उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने किशोरी को अगवा किए जाने की आशंका जताते हुए थाने पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शोभायात्रा से युवती लापता, परिजन परेशान

शीशगढ़, अमृत विचार : गांव में मूर्ति स्थापना से पहले निकली शोभायात्रा से एक युवती लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चला। पिता ने बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने बताया कि 23 जुलाई को गांव शहपुरा में नवीन मन्दिर में शिव परिवार की मूर्ति स्थापना से पूर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा में शामिल होने गई उनकी बेटी घर नहीं लौटी, परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश किया,लेकिन उसका पता नहीं चला। अब परेशान पिता ने बेटी के लापता होने की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म पीड़िता के परिवार ने लगाया पलायन का बोर्ड

संवाददाता, आंवला

• पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर एससपी से की शिकायत




अमृत विचार : दुष्कर्म पीड़िता के परिवार ने इंसाफ नहीं मिलने पर मकान बेंचकर पलायन करने को मजबूर होने का बोर्ड लगाया है। परिवार ने एसएसपी से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। उन्होंने कार्रवाई आश्वासन दिया है।

आंवला के एक व्यक्ति ने बताया कि मोहल्ले के एक युवक ने उसकी बेटी से दुष्कर्म कर फोटो खींच लिए और ब्लैकमेल करके कई बार संबंध बनाए। उसकी बेटी गर्भवती हो गई तो आरोपियों ने उसका अपहरण करके मनौना में एक क्लीनिक पर गर्भपात कराया। इस मामले में 8 दिन पहले रिपोर्ट दर्ज हुई थी। आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, गुरुवार को मात्र एक अभियुक्त अरुण को जेल भेजा है। आरोप है कि दो लाख रुपये लेकर एक आरोपी को छोड़ दिया। साथ ही गर्भपात करने वाली महिला डॉक्टर को पुलिस ने बुधवार को पकड़ा था। दिनभर थाने में बैठाने के बाद शाम को रुपये लेकर छोड़ दिया। पीड़ित ने गुरुवार को एसडीएम आंवला को शिकायत देकर आंवला पुलिस से भरोसा उठने की बात कही थी और मकान बेंचकर पलायन करने को मजबूर होने को कहा था। उसने चेतावनी दी यदि बेटी से न्याय नहीं हुआ तो वह 29 जुलाई को परिवार के साथ तहसील मुख्यालय पर आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होगा। उसने निष्पक्ष कार्रवाई के लिए विवेचना अन्य थाना अथवा एजेंसी से कराने की मांग की थी। वहीं शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने घर के बाहर मकान बेंचकर पलायन करने का बोर्ड लगा दिया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और जानकारी लेकर पीड़ित के साथ एसएसपी कार्यालय में शिकायत की।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी में गुरुवार रात दो सड़क हादसों में एक चालक और एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

उत्तरी हाईवे पर गांव मंडनपुर के पास किच्छा की ओर से आ रहे बाइक सवार मोहल्ला टांडा निवासी नदीम (42) को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। दूसरी घटना कताई मिल मार्ग पर हरसूनगला इंटर कॉलेज के पास बहेड़ी की ओर एक खाली टैंकर कताई मिल रोड पर जा रहा था। हरसूनगला इंटर कॉलेज के पास गुरुवार रात 2:30 बजे विपरीत दिशा से आ रही धान से लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली की कंटेनर से आमने सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें कंटेनर चालक विकास की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग गया। सूचना पर कताई मिल चौकी इंचार्ज आशुतोष द्विवेदी टीम के साथ पहुंचे और वाहनों को किनारे खड़ा कराकर शव को निकलवाया।

# छात्रों की कम उपस्थिति पर 41 स्कूलों को नोटिस

संवाददाता, देवरनियां

• बीएसए ने जताई नाराजगी कार्रवाई की दी चेतावनी

अमृत विचार : छात्रों की कम उपस्थिति पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दमखोदा ब्लॉक के 41 परिषदीय स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

शासन से निर्देश हैं कि किसी भी विद्यालय में 65 प्रतिशत से कम छात्र उपस्थिति नहीं होनी चाहिए, मगर स्थिति सुधर नहीं रही है। एक जुलाई से 21 जुलाई के बीच पोर्टल पर दर्ज रिपोर्ट के अनुसार दमखोदा ब्लाक के 41 प्राइमरी और उच्च प्राइमरी स्कूलों में 65 प्रतिशत से कम बच्चों ने दोपहर में भोजन किया, जिस पर ऐसे स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बीईओ प्रेमसुख गंगवार गंगवार ने बताया कि नोटिस स्कूलों को जारी कर दिए गए हैं। जवाबआ रहे हैं, जिसे बीएसए को भेजा जाएगा। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### यहां कम मिले बच्चे

कंपोजिट विद्यालय भैरपुरा, करनपुर, अटरिया, खिरना, कुंय्याखेड़ा, मुंडिया जागीर, मुंडिया नबीबख्श, मिलक करनपुर, नवादा, पैगा रिछा, रहपुरा गनीमत, रम्पुरा शुभाष, सिमरा, सिंगतरा, ठिरिया नथमल, उदरा, उलैहतापुर, वसुपुरा, अभयपुर, आनन्द भूषण आदर्श, अर्सियाबोझ, अटरिया, बकैनिया कालेखां, बकैनिया स्वाले, चौडेरा, डंडिया नगला, दीननगर, दोपहरिया, फरीदपुर, गौंटिया राननगर, गुलड़िया अता हुसैन, जागनडांडी, जसपुरा शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### कारगिल विजय दिवस पर किया पौधरोपण



मीरगंज, अमृत विचार : 21 यूपी बटालियन बरेली के निर्देश पर राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज एवं राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज बरेली में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर प्राचार्य एस के सिंह और उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार, सेकंड ऑफिसर धर्मेंद्र एवं एनसीसी केयर टेकर डॉ. पारुल जैन की देखरेख में विद्यालय में अलग-अलग स्थान पर पौधरोपण किया गया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स एवं छात्रों को कारगिल विजय दिवस पर स्नेह कुशवाहा ने कारगिल विजय के मुख्य हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा के बारे में बताया, जिन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

### इफको केवी में शिक्षा शपथ सप्ताह शुरू



आंवला, अमृत विचार : केंद्रीय विद्यालय इफको में नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा शपथ सप्ताह आरंभ हुआ। जिसमें पहले दिन एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पोधरोपण किया गया। प्राचार्या अमिता सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ उपायुक्त सोना सेठ एवं सहायक आयुक्त अनूप अवस्थी के निर्देश पर केंद्रीय विद्यालय संगठन 22 से 28 जुलाई तक नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा सप्ताह मना रहा है। गुरुवार को एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पोधरोपण किया गया। जिसमें 35 छात्रों की मां पोधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### दो गांवों से कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना



देवरनियां, अमृत विचार : दमखोदा के गांव मुड़िया नवीबक्स और सिंगतरा से शुक्रवार को 20 कांवड़ियों का जत्था गंगाजल लेने हरिद्वार रवाना हुआ। सभी पांच अगस्त को वापस आकर गांव के शिव मन्दिर पर जलाभिषेक कर हवन करेंगे। मुड़िया नवीबख्श के समाजसेवी मुकेश शर्मा ने बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी हम अपने शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। वहीं कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार का कोई विवाद न हो उसके लिए, चुरैली चौकी इंचार्ज सन्नी चौधरी अपनी टीम के साथ मौजूद रहें।

### बिजली कटौती की ग्रामीणों ने एसडीओ से की शिकायत

आंवला, अमृत विचार : घरेलू और नलकूप के लिए बिजली सप्लाई न मिल पाने से आक्रोशित ग्रामीण विद्युत कार्यालय पहुंचे और शेड्यूल के मुताबिक सप्लाई दिलाने की मांगकर एसडीओ से शिकायत की। सेंधा और टांडा पोषक से जुड़े ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड से सप्लाई नहीं मिल पा रही है। बार– बार ट्रिपिंग से वह लोग परेशान हो चुके हैं। अधिकारियों ने 40 से 50 किलोमीटर दूर के लाइनमैन लगा दिए हैं। इस कारण फॉल्ट ठीक नहीं हो पा रहे हैं। ओवरलोड होने से घरेलू और सिचाई के लिए सप्लाई नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने शैड्यूल के मुताबिक सप्लाई देने और स्थानीय लाइनमैनों की तैनाती करने की मांग की। इस दौरान मोतीपुरा निवासी, गुरवीर सिंह, संजीव शर्मा, अतरक्षेडी निवासी संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

### कछला के लिए रवाना हुई भोले बाबा की महाबरात

सिरौली, अमृत विचार : सिरौली से कछला जाने वाली भोले बाबा की महाबरात शुक्रवार को बैंड बाजे के साथ रवाना हुई। जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे। सावन के दूसरे सोमवार को शिव भक्त सिरौली के मोहल्ला साईदान स्थित हरिदास मंदिर पर भोले बाबा का जलाभिषेक करेंगे। बरात में झांकिया लोगों को आकर्षित कर रही थी। सर्वप्रथम शिव भक्तों ने सिरौली के मुख्य अड्डे पर सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को बुलाकर तैयार किया। इसके बाद शिव भक्त भोले के जयकारे के साथ रवाना हुए। सिरौली नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राजन नाथ तिवारी ने शुक्रवार सुबह से ही नगर में नगर पंचायत के अधिकारियों को भेजकर कांवड़ मार्ग पर सड़क में जो छोटे–छोटे गड्ढे थे उनको भरवाया। सुरक्षा की दृष्टि से सिरौली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर लव सिरोही और कस्बा इंचार्ज देशराज सिंह तोमर तथा हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह राघव अपनी पूरी पुलिस बल के साथ भोले बाबा की बारात पूरे समय मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा दल के जिलाध्यक्ष आशीष कठेरिया, सौरभ खत्री, पंकज खत्री, बंटी गुप्ता, अर्पित गुप्ता आदि शिव भक्त मौजूद रहे।

### सैनिकों के बलिदान से हम सुरक्षित



नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के आंबेडकर पार्क और शहीद स्मारक पर एनसीसी कैडेट के साथ नगर पालिकाध्यक्ष पति व राजश्री विद्यालय की टीम ने पुष्पांजलि अपर्ति कर पौधरोपण करने के साथ ही सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर ने एनसीसी कैडेट को प्रेरित करते हुए कहा कि सैनिकों के बलिदान से ही हम सुरक्षित हैं। हमारे सैनिक अपनी जान की परवाह न करते हुए दिन रात हमारी सीमाओं को सुरक्षित कर हमें सुरक्षित करने का भरोसा दिलाते हैं। इस दौरान राजश्री कॉलेज के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल के निर्देशन मे भेजे गए टीम डायरेक्टर पंकज शर्मा, तुल्का अग्रवाल आदि के साथ ही नगर के डॉ. चोखेलाल गंगवार आदि ने शहीद स्मारक पर पुष्पार्पण कर पौधारोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# रामगंगा के किनारे हो रहा अवैध खनन

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के चौबारी गांव में रामगंगा किनारे से हो रहे अवैध खनन की शिकायत ग्रामीणों ने डीएम से की थी। डीएम ने एसडीएम और जिला खनन अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला खनन अधिकारी और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर खनन को बंद कराया। टीम अवैध खनन की जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपेगी। चौबारी निवासी श्यामवीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन की लिखित शिकायत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार से शिकायत बताया था कि चौबारी के निकट सक्षम अधिकारी ने सशर्त खनन की स्वीकृति दी थी। लेकिन खनन करने वाले उक्त जमीन से खनन नहीं करके रामगंगा के किनारे से बलुई मिट्टी का खनन कर रहे हैं। नदी के किनारे से काफी गहराई मिट्टी निकाली जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि दंबगों ने दिन–रात खनन करके चौबारी मेला स्थल की सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दी हैं। सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि रामगंगा किनारे हो रहे खनन को बंद करा दिया है। शिकायत मिल रही थी कि लोग परमिशन के अनुसार खनन नहीं कर रहे हैं। तालुका लेखपाल व राजस्व निरीक्षक से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### मोबाइल चोर को पुलिस ने पकड़ा, उसका साथी फरार

**बहेड़ी, अमृत विचार :** काम करने के दौरान लोगों के घर से चोरी करने वाले एक युवक को पुलिस ने शिकायत के आधार पर गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी अभी फरार है। बहेड़ी के मोहल्ला शाहगढ़ निवासी नाजिम खान ने 16 जुलाई को मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बुधवार रात भुड़िया कालोनी क्षेत्र के मछली बाजार से ऊधमसिंह नगर के खेड़ा कालोनी निवासी वानिक को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वह अपने साथी गणेश के साथ घरों में पीओपी का काम करने के दौरान मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे। कुछ दिन पहले ही गणेश ने उसे नौ हजार रुपये और मोबाइल फोन दिया था। अब पुलिस वांछित गणेश की तलाश में जुटी है।

### घर से नकदी समेत तीन मोबाइल चुरा ले गए चोर

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** कस्बे के वार्ड एक में चोरों ने एक घर से नकदी सहित तीन मोबाइल चुरा ले गए। राकेश मौर्य ने बताया कि गत रात उसके घर के सभी सदस्य बरामदे में सो रहे थे, रात में मौका पाकर चोर दीवार कूदकर घर में घुस आए और 20 हजार रुपये और तीन मोबाइल चुरा ले गए। कस्बा इंचार्ज अरविंद सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल सांड़ ने दम तोड़ा

**रिठौरा, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने गुरुवार रात में सांड़ को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने रात में ही उसे प्राथमिक उपचार दिया। लेकिन सुबह घायल सांड उसी जगह मृत अवस्था में मिला। गुरुवार की रात कस्बे के मोहल्ला कुर्मियान की लाइट खराब थी। गर्मी अधिक होने के कारण रात्रि में ही चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, गोपाल बाबू, डॉक्टर मयंक मिश्रा, राकेश मिश्रा, दिनेश शर्मा आदि बिजलीघर शिकायत करने गए थे। लौटते समय रिठौरा पुलिस चौकी के पास एक सांड बीच रोड पर घायल अवस्था में तड़प रहा था। सभी ने बमुश्किल उसे रोड किनारे किया। डॉ. मयंक मिश्रा ने उसका प्राथमिक उपचार किया, सुबह उसका शव मिला।

### जमीन के विवाद में भाइयों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गुलड़िया, अमृत विचार :** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव कतरोई ठाकुरान निवासी रमेश बुधवार की रात भाई धन सिंह के पास बड़ागांव लकड़ी की टाल पर गया था, वहीं पर दोनों भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर झगड़ा होने लगा, रमेश ने गाली देने का विरोध किया तो धन सिंह ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। इसी दौरान टाल मालिक बड़ागांव प्रधान पुत्र अनिल भी कुल्हाड़ी लेकर उस पर हमला कर दिया। घायल रमेश ने सिरौली थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। सिरौली इंस्पेक्टर लव सिरोही ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### छुट्टा पशुओं की दुर्दशा पर गोरक्षकों ने किया प्रदर्शन

**फरीदपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में छुट्टा पशु के साथ हो रही दुर्घटनाओं और घायल पशुओं के इलाज में की जा रही लापरवाही को लेकर बाबा सरोज नाथ के नेतृत्व में गोरक्षकों ने एसडीएम से मुलाकात की। एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय से बाबा सरोज नाथ ने कहा कि शासन की मंशानुरूप गोवंशीय पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन क्षेत्र में गोशालाओं की बुरी स्थिति है। छुट्टा पशु वाहनों की चपेट में आकर अथवा कटीले तारों से घायल हो जाते हैं। गोरक्षक जब इसकी सूचना देते है तो अधिकारी सुनवाई नहीं करते बल्कि उनको अपमानित किया जाता है। एसडीएम ने गोरक्षकों को समझाया और कहा कि यदि उन्हें क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं से संबंधित किसी की घटना की जानकारी मिलती है तो वह तत्काल उस पर कार्रवाई कराते हैं फिर भी कहीं कोई समस्या है तो उसके निराकरण के लिए वह हर समय उपलब्ध हैं। गोरक्षक अपने साथ लोडर गाड़ी में एक घायल गाय को भी लेकर पहुंचे। एसडीएम ने गाय को तुरंत पशु चिकित्सालय भिजवाते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी को फोन कर उसके इलाज के निर्देश दिए।

## विकास भवन में सूखे पड़े हैं फाउंटेन, हैंडपंप भी खराब



**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन में छह माह से पानी की पाइपलाइन टूटी पड़ी है। इस वजह से तीन फाउंटेन छह महीने से सूखे पड़े हैं। कर्मचारियों को क्यारियों में पानी बाल्टी से भरकर डालना पड़ रहा है। स्मार्ट सिटी के नाम पर हुए टाइलीकरण के बाद से यह स्थिति बनी हुई है। वहीं टाइलीकरण भी छह माह भी नहीं टिक पाया और पार्किंग की टाइल्स दरार आने से छूटने लगी हैं। विकास भवन में बगीचों का कार्य देखने वाले जयराम के अनुसार यहां छह माह पहले स्मार्ट सिटी के तहत काम हुआ था। खोदाई के बाद पाइपलाइन टूट गई। तब से ही पानी आना बंद हो गया। वहीं, परिसर में बने दोनों सरकारी नलों में भी दो महीने से खराब हैं। सीडीओ कार्यालय से इस संबंध में नगर निगम को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

# टीकाकरण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

### बैठक में सीएचसी रिछा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर शासन की ओर से संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं में प्रगति धीमी पर होने पर डीएम रविंद्र कुमार ने कड़ी नाराजगी जताई, स्वास्थ्य अफसरों को सुधार के निर्देश देने के साथ ही कार्रवाई को चेताया है। वहीं, रिछा सीएचसी पर सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में नियमित टीकाकरण की समीक्षा की गई, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिथरी चैनपुर, यूपीएचसी नदौसी, पीरबहोड़ा, फरीदपुर और आंवला का टीकाकरण का प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष कम पाया गया। जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि आगामी बैठक तक टीकाकरण 75 फीसदी से कम नहीं रहना चाहिए। पीएमएसए कार्यक्रम के तहत ब्लॉक भोजीपुरा की उपलब्धि कम होने पर चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर तैनात चिकित्सक का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण प्रगति कम रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि रिकॉर्ड अल्ट्रासाउंड सेंटर पर टीम भेज कर अप्रैल 2024 से जून 2024 तक सम्पन्न अल्ट्रासाउंड का रिकॉर्ड आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। वहीं जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का 90 फीसदी तक भुगतान करने के निर्देश दिए। सीडीओ जग प्रवेश, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह आदि मौजूद रहे।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में समीक्षा करते जिलाधिकारी।

#### बीसीपीएम कक्ष की सीएमओ करेंगे निगरानी

मुड़िया नवी बक्स सीएचसी पर आशा कार्यकर्ता यहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बीते दिनों से कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन कर रही हैं, जिसकी गूंज बैठक तक भी पहुंच गई। डीएम ने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को सीएचसी पर बने बीसीपीएम मो. हसीब के कक्ष के साथ ही केंद्र के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश दिए और निगरानी करने को कहा है। कहा कि ब्लॉक पर कार्यरत समस्त स्टाफ की सूची फोटो सहित जनपद मुख्यालय पर भेजी जाए।

#### जो आशा-एएनएम नहीं कर रहीं सर्वे, होगी कार्रवाई

बैठक में निर्देश दिए गए जो आशा-एएनएम अपने क्षेत्र में सर्वे करने नहीं जाती हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। पहले उन्हें नोटिस जारी करें और यदि फिर भी कार्य में सुधार नहीं आता है तो दूसरा नोटिस देने के बाद उन्हें हटा दिया जाए।

# बेटियों को जन्म देने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पति पर बड़ी बेटी का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश का आरोप

**अमृत विचार :** बेटियों को जन्म देने पर पति और ससुराल वालों ने महिला का उत्पीड़न किया। इसके बाद तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। थाना बारादरी पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी निवासी रूबी ने बताया कि वर्ष 2007 में उनका निकाह सूफी टोला निवासी अहमद मियां उर्फ गुड्डू के साथ हुआ था। निकाह में उनके पिता ने पांच लाख रुपये खर्च किए थे। वर्ष 2008 में बेटी को जन्म देने के बाद ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया। दहेज को लेकर ताने मारने लगे। इसके बाद उन्होंने 2009 में बेटी, 2011 में बेटा और 2013 में बेटी और 2016 में बेटी को जन्म दिया। तीन बेटियों को जन्म देने के बाद पति अहमद मियां उर्फ गुड्डू मारपीट करने लगा। कहने लगा कि बेटियों का खर्चा कौन उठाएगा। गुड्डू की मां जैतून बेगम, देवर हनीफ उर्फ लाल, अनीस और जेठानी परवीन उत्पीड़न करने लगे। पांच महीने पहले गुड्डू ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया और बड़ी बेटी को रोक लिया। एक दिन बड़ी बेटी ने बताया कि गुड्डू ने उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की। जब वह बेटी को लेने ससुराल गई तो आरोपियों ने मारपीट की।

## पत्नी को पीटने वाले दरोगा पर जांच बैठाई

**बरेली, अमृत विचार :** पत्नी के साथ मारपीट करने वाले दरोगा शशांक के खिलाफ जांच बैठाई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने विभागीय कार्रवाई के आदेश भी दिए हैं। पुलिस के अनुसार लोहिया विहार कॉलोनी की रहने वाली महिला ने बताया कि उनके पति शशांक दरोगा हैं। 7 जुलाई को उन्हें मृत बेटा पैदा हुआ। उसके बाद से ही शशांक उनके साथ मारपीट करने लगे थे। महिला ने मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से की। उनके आदेश पर सीबीगंज थाने में दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि दरोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## चंद्रेकश यादव बने कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के शुक्रवार को हुए चुनाव में चंद्रकेश यादव को अध्यक्ष चुना गया। चंद्रकेश यादव ने 82 मतों के भारी अंतर से 10 बार के अध्यक्ष रहे जितेंद्र मिश्रा को हराया। चंद्रकेश को 108 और जितेंद्र को 26 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष के पद पर पूरनलाल मसीह ने दयाशंकर को हराया। पूरनलाल को 104 और दयाशंकर को 28 मत मिले। सचिव पद पर सुनील कुमार को 113 और हरीश मौर्य को 19 मत मिले। सुनील ने हरीश को 94 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर रघुनाथ मिश्रा ने 100 मत पाकर गंगा प्रसाद को 68 मतों से हराया। चुनाव परिणाम की घोषणा मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. मनोज सिंह ने की। चुनाव संचालन में सुरजीत सिंह, अशोक कुमार, नीरज कुमार और रोहिताश कुमार ने सहयोग किया। वहीं पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि वह हमेशा संगठन के लिए खड़े रहेंगे।

# मुख्य सचिव से आदेश कराने को वन मंत्री से मिले एसएंडसी के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फतेहगंज पश्चिमी में 25 साल से बंद चल रही रबड़ फैक्ट्री का मामला

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में 25 सालों से बंद चल रही रबड़ फैक्ट्री के मामले में एसएंडसी यूनियन की ओर से पैरवी तेज कर दी गई है। यूनियन के पदाधिकारियों के अनुसार 18 जुलाई को मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कोई प्रगति नजर नहीं आई है। इस पर शुक्रवार को यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा ने वन मंत्री से भेंट कर मुख्य सचिव से लिखित में आदेश जारी कराने की मांग की।

18 जुलाई को मुख्य सचिव ने वर्चुअली बैठक में जिला प्रशासन को जमीन पर कब्जे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मंगलवार को महामंत्री अशोक मिश्रा ने जिलाधिकारी से मिलकर जमीन को कब्जे में लेने की मांग की थी। इस पर उन्होंने लिखित में आदेश मिलने के बाद कोई कार्रवाई करने को कहा था। शुक्रवार को अशोक मिश्रा की अगुवाई में कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल वन मंत्री अरुण कुमार से मिला और सारे मामले से उन्हें अवगत कराया। डीएम से मुलाकात में हुई बातों को भी मंत्री के सामने रखा। मामले में मुख्य सचिव से दोबारा भेंट कर जमीन पर लिखित में आदेश जारी करवाने की मांग की। उन्होंने बताया कि मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है। इस दौरान अनिल गुप्ता, संत प्रकाश शर्मा, प्रदीप कुमार रस्तोगी उपस्थित रहे।

### लालफाटक अंडरपास के सामने ऑटो रिक्शा खड़े रहने से परेशानी

**कैंट, अमृत विचार :** लालफाटक पुल के नीचे अंडरपास के सामने चालक टैंपो खड़े कर देते हैं। यहां पूरे दिन दर्जनों की संख्या में टैम्पो का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी वजह से अंडरपास से आने जाने वाले राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालक अंडरपास के सामने वाहन खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते हैं। अक्सर सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालक आपस में झगड़ा, गाली गलौज और मारपीट तक करने लग जाते हैं। कुछ ऑटो चालक शराब के नशे में अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं।

## रोडवेज वर्कशाप से इंजन बेचने का आरोप



- वायरल वीडियो में ट्रक से सामान भेजने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज की क्षेत्रीय कार्यशाला से शुक्रवार दोपहर एक ट्रक पर कबाड़ इंजन लादकर बाहर भेज दिए गए। इसका वीडियो वायरल हुआ तो कहा गया कि वर्कशाप से तमाम इंजन व अन्य सामान ट्रक में भरकर बेच दिए गए हैं।

सेटेलाइट बस अड्डे के बाद रोडवेज की क्षेत्रीय कार्यशाला है। शुक्रवार को एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें कहा गया है कि क्षेत्रीय कार्यशाला बरेली से तमाम इंजन व अन्य सामान ट्रक में भरकर बाहर भेज कर बेच दिया गया है। रोडवेज में हर तरफ खुला भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। वीडियो की पुष्टि के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला के सर्विस मैनेजर धनजी राम संपर्क किया। पहले घंटी जाती रही फिर उनका फोन बंद हो गया। सूत्रों के अनुसार सामान बेचा नहीं गया है। 30 साल पुरानी गाड़ियां जर्जर हो चुकी थीं। उनमें आगे के पहिये तक नहीं थे। बसों में सामान जा नहीं सकता था।

## गुटखा नहीं खिलाने पर हलवाई की हत्या की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** गुटखा न खिलाने पर चार भाइयों ने हलवाई को रास्ते में घेरकर पीटा और उससे मोबाइल और पांच हजार रुपये छीन लिए। हलवाई ने थाना सुभाषनगर में तहरीर दी तो पुलिस ने गालीगलौज कर भगा दिया। अब पुलिस ने एसपी सिटी राहुल भाटी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। राजकुमार ने बताया कि वह तिलक कॉलोनी में किराये पर रहते हैं। वह 10 जुलाई को सुबह 9 बजे काम पर जा रहे थे। वह रास्ते में राजेश बंगाली की दुकान पर गुटखा खरीद रहे थे तभी गन्ना मिल वाली गली सुभाषनगर निवासी चार भाई विक्की, राहुल, विशाल और दीपक मिले और गुटखा खिलाने को कहा। जब उन्होंने मना किया तो उनके साथ गालीगलौज की और लात-घूंसों और बेल्टों से मारा। विक्की व राहुल ने बेल्ट डालकर गला दबा दिया। इसके बाद उनकी जेब से मोबाइल और पांच हजार रुपये छीन लिए। लोगों ने उन्हें बचाया। वह थाना सुभाषनगर में पहुंचे, लेकिन पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं की और गालीगलौज करके भगा दिया। 16 जुलाई को सुबह 8 बजे रास्ते में आरोपियों ने दोबारा घेर लिया और पांच हजार रुपये हर महीने की रंगदारी मांगी। वह दोबारा रिपोर्ट दर्ज कराने गए लेकिन पुलिस ने फिर भगा दिया। उन्होंने एसपी सिटी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। एसपी सिटी के निर्देश पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी विक्की, राहुल, विशाल और दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सीसी रोड पर बनाई सीढ़ी, विरोध

**आंवला :** राष्ट्रीय बजरंग दल ने दूसरे समुदाय के युवक पर सीसी रोड पर सीढ़ी बनाकर मार्ग अवरुद्ध करने का आरोप लगाया गया है।

## होटल के विवाद में चले लाठी-डंडे

**बरेली, अमृत विचार :** किला के लीची बाग में एक होटल को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर किला पुलिस ने दोनों पक्षों के 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चंदनगर निवासी राजीव ने बताया कि 24 जुलाई को रात 10:30 बजे आकाश, जौहरी, अजय, राजू और भारत उनके मामा मटरू उर्फ राजेश के होटल पर आए और मारपीट करने लगे। मारपीट में राजीव के पिता बहोरी और भाई राजेश घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की साहूकारा निवासी नन्हीं देवी ने बताया कि सुभाषनगर की बीडीए कॉलोनी निवासी मटरू उर्फ राजेश होटल चलाते थे। तीन महीने पहले उन्होंने अपना होटल लेकर खुद चलाना शुरू कर दिया। 24 जुलाई को राजेश उर्फ मटरू, राजीव, बहोरी, धीरज और रवि यादव लाठी-डंडे लेकर आए और मारपीट करने लगे। हमले में उनके पति जौहरी सिंह, जेठ सिपट्टर घायल हो गए।

# उर्स और पुलिस भर्ती एक साथ होने से होगी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकार से की परीक्षा की तिथियों पर पुनर्विचार की मांग
- 2011 में भर्ती के दौरान हुई घटना का दिया हवाला

**अमृत विचार:** उर्स-ए-रजवी और पुलिस भर्ती एक साथ पड़ने के बाद लोगों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। वर्ष 2011 में आईटीबीपी भर्ती और उर्स-ए-रजवी एक साथ पड़ने के दौरान हुई घटनाओं का हवाला देकर पुलिस भर्ती की तिथि पर पुनर्विचार करने की मांग की जा रही है।

अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल के सचिव शान अहमद रजा ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती की ऑफलाइन लिखित परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। वहीं 29, 30 और 31 अगस्त को बरेली में उर्स-ए-रजवी का आयोजन भी होना है। जिसमें दरगाह आला हजरत पर हर साल अलग-अलग शहरों से बड़ी संख्या में जायरीन आते हैं। ट्रेनों और बसों में जायरीन की भारी भीड़ रहती है। बरेली के होटल और गेस्ट हाउस भी फुल रहते हैं। उर्स के दौरान बरेली में परीक्षा से अव्यवस्था फैल सकती है। वर्ष 2011 में जंक्शन पर अफरातफरी के चलते बिहार के एक जायरीन को ट्रेन से गिरकर दोनों पैर गंवाने पड़े थे। लिहाजा, सरकार को 30 और 31 अगस्त की परीक्षा को लेकर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। समाजसेवी पम्मी खान वारसी ने भी परीक्षा की तिथियों में बदलाव की मांग की। दरगाह आला हजरत के प्रशासनिक अधिकारी हाजी जावेद खान ने कहा कि हमने पुलिस भर्ती परीक्षा के मामले में अधिकारियों से बात करके अवगत कराया है। जायरीन को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए परीक्षा को हटाने की मांग की है।

## ठगों ने खाते से निकाले रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर की तिलक कॉलोनी निवासी सौरव सागर के खाते से यूपीआई के माध्यम से जालसाजों ने 90,600 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर रकम होल्ड करा दी है।

सौरभ सागर ने बताया उनका खाता सुभाषनगर की बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में है। 9 मई को जालसाजों ने उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से 90,600 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। सुभाषनगर पुलिस ने खाता में रकम होल्ड करा दी लेकिन तब तक आरोपी 24 हजार 800 रुपये निकाल चुके थे। उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रकम बैंक से जारी कराने के निर्देश दिए हैं।

## सार-संक्षेप

### महंत कांवड़ियों पर करेंगे हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

**आंवला, अमृत विचार :** मनौना धाम के महंत हेलीकॉप्टर से इस बार कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे। इसके लिए उन्होंने हैलीकॉप्टर के लैंडिंग और टेक ऑफ की अनुमति मांगी है। महंत ओमेन्द्र सिंह ने एसडीएम को दिए पत्र में बताया कि 11 अगस्त रविवार को कांवड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करने के लिए दिल्ली से हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। उन्होंने हेलीकॉप्टर को मनौना धाम के समीप उतारने और टेक ऑफ एवं कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करने की अनुमति मांगी है।

### साइबर ठगों ने एसपी-सीओ के नाम से मांगे रुपये

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिठौरा में पांच दिन पहले मोहित का शव पेड़ पर लटका मिला था। उसके पिता ने कार्रवाई के लिए पुलिस को नामजद तहरीर दी थी। इसके बाद मोहित के पिता सोमपाल के पास फोन आया, फोन करने वाले ने अपने आप को एसपी ऑफिस में तैनात पुलिस कर्मचारी बताता है और कार्रवाई करने के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग करता है। सोमपाल ने क्योलड़िया थाने पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी से ठग की बात कराई। जिले में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, सख्त कार्रवाई नहीं होने की वजह से ठगों के हौंसले बुलंद है, वह पीड़ित के परिजनों से ही रुपये ऐंठने में लगे हुए है।

### बागवानी फसलों के प्रति किसानों को किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने शुक्रवार को आईवीआरआई परिसर में वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसमें किसानों को बागवानी फसलों के प्रति जागरूक किया। वर्कशॉप में किसानों को आधुनिक तकनीकों, संकर सब्जी बीज, संरक्षित खेती, माइकोइरीगेशन, रोग-कीट अवरोधी प्रजातियों और योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को अहम जानकारी दी। हाफेड के प्रबंध निदेशक अंजनी कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक उद्यान श्याम कुमार गुप्ता, उप निदेशक मंडी विश्वेन्द्र कुमार, पुनीत कुमार पाठक, रमेश चन्द्र, संतोष यादव, डॉ. रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### सपा ने संविधान-मानस्तंभ का स्थापना दिवस मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि भाजपा आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है, लेकिन पीडीए का नारा बुलंद करते हुए सपा संविधान को खत्म नहीं करने देगी। वह शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि लखनऊ में स्तंभ बनाया गया है। उस जगह पर पीडीए-प्रकाशस्तंभ और संविधान की कापी रखी गई है। 26 जुलाई को सपा ने संविधान-मानस्तंभ के 'स्थापना दिवस' के रूप में मनाया। बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने भी विचार रखे। रविन्द्र यादव, दीपक शर्मा, खालिद खां, डॉ. जीराज यादव, सुजीत भारती, सूरज यादव, ब्रजेश श्रीवास्तव, राजेश मौर्या, जितेंद्र मुंडे, लोधी महेंद्र राजपूत, धीरज यादव आदि मौजूद रहे।

### संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



**मीरगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ जिला इकाई ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री श्याम सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी की ओर से 10 मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया गया है। उनकी मांगे है कि म्यूचुअल एवं रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण के लिए अनुमोदन एवं संविदा कर्मचारियों के लिए भी प्रत्येक वर्ष स्वयं के अनुरोध पर स्थानांतरण नीति को लागू किया जाए वेतन विसंगति का निस्तारण कर वेतन वृद्धि किया जाए। संविदा कर्मचारियों के लिए ईपीएफ ग्रेड-पे व डीए का निर्धारण किया जाए।

### अश्लील हरकतों का विरोध करने पर की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में एक युवक ने युवती से छेड़छाड़ की। कियत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। एक युवक ने बताया कि गुरुवार रात 10:30 बजे उनकी बहन घर के बाहर खड़ी थी, तभी चकमहमूद निवासी आयान बाइक से आया और उनकी बहन से अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गालीगलौज और मारपीट की। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंच गए। इससे पहले मामला बिगड़ता, सूचना पर बारादरी पुलिस पहुंच गई और आरोपी को हिरासत में ले लिया और लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

### पौधरोपण कर दिया हरियाली बचाने का संदेश



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ने शुक्रवार को थाना कोतवाली में पुलिस के साथ पौधरोपण किया। संस्थान की ओर से 'सांस न होगी कम, पेड़ लगा रहे हैं हम मुहिम चलाई जा रही है। रोज 10 से 12 पौधे लगाए जा रहे हैं। लोगों को इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी सौंपी जा रही है। पदाधिकारियों का कहना था कि जो पेड़ हमें ऑक्सीजन दे रहे हैं, उन पर आरी चलाई जा रही है। सरकार को इसकी रोकथाम को सख्त कदम उठाने चाहिए। विकास के नाम पर हरियाली को नष्ट न किया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु सक्सेना, महामंत्री नरेंद्र पाल, रामनिवास यादव, भुवनेश नागर आदि मौजूद रहे।


Telephone : (0581) 2510628
Fax : (0581) 2511283

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
क्षेत्रीय निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website : www.epfindia.gov.in
E-mail : ro.bareilly@epfindia.gov.in

No. 120109 EPFO/RO/BLY/ADM Date : 26.07.2024

प्रेस नोट

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों मे दिनांक 29.07.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निम्नवत है:-

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | SRMS इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस, भोजीपुरा, बरेली। |
| मुरादाबाद | पसुपति एक्रिलोन, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद। |
| रामपुर | किटप्लाई इंडस्ट्रीज़, रामपुर। |
| शाहजहाँपुर | सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड, रोज़ा, शाहजहाँपुर। |
| बदायूं | ऐस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलोजी, बदायूं। |
| जे.पी. नगर | नोरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड, चाँदपुर रोड, जे.पी. नगर। |
| संभल (भीम नगर) | नगर पंचायत, चंदौसी संभल। |
| पीलीभीत | एल.एच. डिस्टलरी, बीसलपुर, पीलीभीत। |

अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 0581-2510628, 0581-2510832 पर भी संपर्क कर सकते है।

अनिल कुमार
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी

